नई दिल्ली, रविवार
30 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 20+4+4=28

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



साक्ष्यों से छेड़छाड़ व गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं केजरीवाल: सीबीआइ 3
जीवन की गुणवत्ता बढ़ने की गति है बहुत धीमी: एंटोनियो गुटेरस 15






********

हरियाणा सरकार



"दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का मार्ग दिखाया था। यानि जो समाज की आखिरी पंक्ति में हैं, उनका उदय। 21वीं सदी का भारत इसी विचार से प्रेरणा लेते हुए अंत्योदय के लिए काम कर रहा है। जो विकास के आखिरी पायदान पर है, उसे विकास के पहले पायदान पर लाने के लिए काम हो रहा है।"

**- नरेन्द्र मोदी**

# नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण

वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, विधुर और अविवाहित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता योजना के तहत

## 75,000 नए लाभार्थियों को पेंशन वितरण

## मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 6300 लाभार्थियों को

### अधिकार-पत्र वितरण

- प्लॉट की वास्तविक कीमत या एक लाख रुपये जो भी कम हो, की वित्तीय सहायता
- अधिकार-पत्रों का वितरण 17 अन्य जिलों अम्बाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हिसार, जींद, झज्जर, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर में भी होगा

## डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत लाभार्थियों को

### लाभ वितरण

### राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

अधिकार-पत्र हेतु अधिक जानकारी के लिए

संपर्क करें : 0172-3520001

अथवा

वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

दिनांक - 30 जून, 2024 । समय - दोपहर 2 बजे

स्थान - अनाज मंडी, पानीपत

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री बिशम्बर सिंह**
राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय विभाग, हरियाणा

**श्री सुभाष सुधा**
राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार
सबके लिए आवास
हरियाणा

**श्री महिपाल ढांडा**
राज्यमंत्री, स्वतंत्र प्रभार
विकास एवं पंचायत
हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

*********

नई दिल्ली, रविवार
30 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 20+4+4=28

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

भारत और अमेरिका बढ़ाएंगे द्विपक्षीय कारोबार 10
लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज संभालेंगे थलसेना की कमान 15








# विश्व विजेता

- टीम भारत ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में सात रन से हराया
- बुमराह और हार्दिक पांड्या ने आखिरी ओवरों में गेम बदल दिया
- विराट कोहली ने शानदार 76 और अक्षर पटेल ने 47 रन बनाए
- बुमराह प्लेयर आफ द सीरीज व विराट बने प्लेयर आफ द मैच

अभिषेक त्रिपाठी • जागरण

**बारबाडोस:** 2013 में बर्मिंघम में चैंपियंस ट्राफी जीतने के 11 साल बाद जब यहां हार्दिक पांड्या ने किंग्सटन पार्क में आखिरी गेंद फेंकी तो कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित सभी रोने लगे। ये खुशी के आंसू थे, ये पिछले 13 सालों के इंतजार के आंसू थे। जी हां, भारत ने अपने देश से हजारों मील दूर चौथी बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त कर लिया। एक तरफ भारतीय टीम तिरंगे के साथ जश्न मना रही थी तो दूसरी ओर बीसीसीआइ सचिव जय शाह भारतीय टीम से मिलने के लिए उतावले होकर मैदान के अंदर दौड़ लगा रहे थे। रोहित शर्मा प्रशंसकों को नमस्ते करके आंसुओं को रोकने की कोशिश कर रहे थे, तो आइपीएल से ट्रोल हो रहे हार्दिक जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद खुद से कह रहे थे कि हमने कर दिखाया। भारत ने बारबाडोस में तिरंगा लहरा दिया।

मैच के बाद रोहित ने तिरंगे को मैदान पर गाड़ दिया तो हार्दिक भारतीय झंडे के साथ पिच पर आए और उसे चूम लिया। इन खुशियों को शब्दों में समेटना मेरे लिए अगर कठिन हो रहा है तो फिर भारतीय टीम के मन में कैसा ज्वार-भाटा चल रहा होगा इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। भारतीय टीम ने महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी में 2007 में पहली बार टी-20 विश्व कप ट्राफी जीती। रोहित की कप्तानी में टीम ने चौथा आइसीसी टूर्नामेंट खेला, जिसमें टीम एक बार सेमीफाइनल और दो बार फाइनल में हार गई। पिछले साल जब भारतीय टीम अपने घर में आस्ट्रेलिया से फाइनल में हारी थी तब रोहित को टी-20 विश्व कप में कमान देने पर सवाल उठे थे। लेकिन तब बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने कहा था कि रोहित की कप्तानी में बारबाडोस में टीम तिरंगा लहराएगी और उनकी बात सच साबित हुई। भारतीय टीम ने शनिवार को टी-20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 176 रन बनाए। भारत ने एक समय 34 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे, लेकिन विराट कोहली (76) व पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे अक्षर पटेल (47) ने चौथे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने एक समय 16 ओवर में चार विकेट पर 151 रन बना लिए थे और उसे जीत के लिए 24 गेंद पर सिर्फ 26 रन की जरूरत थी, लेकिन हार्दिक ने अगले ओवर की पहली ही गेंद पर सेट हेनरिक क्लासेन (52) को आउट करके खेल बदल दिया। इसके बाद बुमराह ने अगले ओवर में जेनसेन को आउट किया। दक्षिण अफ्रीकी टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 169 रन बना सकी। भारत ने सात रन से मैच जीत लिया। बुमराह प्लेयर आफ द सीरीज रहे। बुमराह ने इस विश्व कप में कुल 15 विकेट लिए। वहीं, विराट कोहली को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। ओवर की पहली गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का शानदार कैच बाउंड्री पर लपका, जिसके बाद भारत की जीत की राह बन गई।

संबंधित >> पेज 14,15
संबंधित >> जागरण सिटी

**17**
साल बाद रोहित की सेना ने जीता टी-20 विश्व कप

**11**
साल बाद भारतीय टीम ने जीती आइसीसी ट्राफी

**177**
रनों का लक्ष्य टीम भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दिया था, 169 रन ही बना पाई द. अफ्रीका की टीम निर्धारित ओवरों में

## विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लिया

**बारबाडोस:** मैच के बाद पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि मैंने भारत के लिए अपना आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेल लिया है। अब नए लोगों को यह खेलना चाहिए। कप्तान रोहित शर्मा ने भी बाद में संन्यास की घोषणा कर दी। यह पहले से ही लग रहा था कि विश्व कप के बाद कोहली और रोहित इस प्रारूप को छोड़ देंगे। हालांकि आइपीएल खेलते रहेंगे।

**भारत के विश्व विजेता कप्तान**

| | |
|---|---|
| कपिल देव | 1983 वनडे विश्व कप |
| महेंद्र सिंह धौनी | 2007 टी-20 विश्व कप |
| | 2011 वनडे विश्व कप |
| रोहित शर्मा | 2024 टी-20 विश्व कप |



« दक्षिण अफ्रीका पर विजय के बाद टी-20 विश्व कप ट्राफी के साथ खुशी मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी • एएफपी

"टी-20 विश्व कप जीतने के लिए टीम इंडिया को मेरी हार्दिक बधाई। कभी हार नहीं मानने वाले जज्बे के साथ टीम ने कठिन परिस्थितियों का मुकाबला किया और पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में यह एक असाधारण जीत थी। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया।



–द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति

टीम भारत को इस भव्य विजय के लिए सभी देशवासियों की तरफ से बहुत-बहुत बधाई। आज 140 करोड़ देशवासी आपके शानदार प्रदर्शन के लिए गर्व अनुभव कर रहे हैं। खेल के मैदान में आपने विश्व कप जीता, लेकिन हिंदुस्तान के हर गांव, गली-मोहल्ले में आपने कोटि-कोटि देशवासियों का दिल जीत लिया। ये टूर्नामेंट किसी विशेष कारण से भी याद रखा जाएगा। इतने सारे देश, इतनी सारी टीमें और एक मैच नहीं हारना। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। आपने क्रिकेट जगत के हर महारथी की गेंद को खेला है। एक के बाद एक विजय की परंपरा ने न सिर्फ आपके हौसले को बुलंद कर दिया, बल्कि इस पूरी टूर्नामेंट को भी रोचक बना दिया। मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई।"



–नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री









********

## एक नजर में

### 'जलभराव से ध्यान भटकाने के लिए आप का प्रदर्शन'

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अदालत द्वारा अरविंद केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम कर रहा है और जांच एजेंसी द्वारा रखे गए साक्ष्य के आधार पर अदालत ने अपना फैसला दिया है। उन्होंने कहा कि जलभराव से दिल्लीवालों का ध्यान भटकाने के लिए आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के आरोपितों के समर्थन में प्रदर्शन किया है। लोग इस सरकार की सच्चाई जान गए हैं, इसलिए केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 60 विधायक मुश्किल 400 कार्यकर्ता जुटा सके। संवैधानिक और न्यायिक संस्थाओं के प्रति इस सरकार का कोई विश्वास नहीं है। (राब्यू)

### जलभराव से निपटने के लिए कई इलाकों का किया दौरा

**नई दिल्ली:** राजधानी में शुक्रवार को रिकार्ड वर्षा के बाद जगह-जगह हुए जलभराव से निपटने के लिए दिल्ली सरकार के मंत्री शनिवार को सड़कों पर उतरे। शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कई इलाकों का दौरा कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। ईस्ट किदवई नगर और गोल्फ लिंक्स में जलभराव की सूचना पर पहुंचे भारद्वाज ने संबंधित विभाग के स्टाफ को बुलाकर समस्या का समाधान कराया। यह क्षेत्र केंद्र सरकार के अधीन आने वाले एनडीएमसी एरिया में आता है, लेकिन विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जलभराव की समस्या समाधान के लिए कैबिनेट मंत्री वहां पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बारापुला नाले में ओवरफ्लो की शिकायत रहती है। साथ ही आगामी बैठक में संबंधित विभागों को जलभराव से निपटने के लिए ठोस रोडमैप बनाकर लाने का निर्देश दिया है। (राब्यू)

### एसएफआइ करेगी एनटीए के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली:** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआइ) ने देशव्यापी प्रदर्शन की घोषणा की है। एसएफआई चार जुलाई को देशभर में प्रदर्शन करेगी। छात्र संगठन ने एक बयान में कहा है कि चार जून को घोषित नीट यूजी के परिणामों में व्यापक गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद यूजीसी नेट परीक्षा होने के बाद अगले दिन रद कर दी गई। नीट पीजी और अन्य परीक्षाएं रद हुई। इससे साबित हो गया है कि एनटीए परीक्षाएं कराने में सक्षम इकाई नहीं है। ऐसे में एसएफआइ की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति देश में शिक्षा और लोकतंत्र पर हो रहे हमले के खिलाफ चार जुलाई को देशव्यापी छात्र हड़ताल करेगी। छात्र कक्षाओं का बहिष्कार करेंगे और मार्च आयोजित किए जाएंगे। (जासं)

# 36 घंटे के बाद भी नहीं पता लगा टर्मिनल-1 फोरकोर्ट की छत गिरने का कारण

**एयरपोर्ट पर हादसा**




आइजीआइ टर्मिनल-1 के प्रस्थान क्षेत्र में कार पर गिरी फोर कोर्ट की छत ● आर्काइव

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** आइजीआइ एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 के फोरकोर्ट की छत गिरने के बाद शनिवार को टर्मिनल-1 पर विमानों का संचालन ठप रहा। टर्मिनल-1 की सभी उड़ानों को टर्मिनल-2 व 3 पर स्थानांतरित कर दिया गया है। फिलहाल इसकी जानकारी नहीं दी गई है कि टर्मिनल पर उड़ानों का संचालन कब शुरू होगा, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि इसमें दो महीने से ज्यादा का समय लग सकता है। शनिवार को टर्मिनल-1 पर चहल-पहल काफी कम रही। टर्मिनल के अंदर सीआइएसएफ के जवान भी कुर्सियों पर आराम से बैठे नजर आए। यात्रियों के न होने की वजह से वह भी खाली थे।

एयरपोर्ट अथारिटी की ओर से शनिवार सुबह जानकारी दी गई कि दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन सामान्य है। सभी उड़ानों का संचालन टर्मिनल-2 व 3 से किया जा रहा है। तीनों टर्मिनल से प्रतिदिन लगभग 1400 उड़ानों का संचालन होता है। इनमें से सबसे ज्यादा उड़ानों का संचालन टर्मिनल-2 व 3 से होता है। टर्मिनल-1 से इंडिगो और स्पाइसजेट की घरेलू उड़ानें संचालित होती हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए इंडिगो व स्पाइसजेट ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। उड़ान को लेकर कोई समस्या होती है तो वेबसाइट पर भी जानकारी अपडेट की जा रही है।

## जल निकासी पाइप ब्लाक होना हो सकता है कारण

सोनू राणा ● जागरण



डा. अनिल दीवान

- स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के डीन (रिसर्च) प्रो डा. अनिल दीवान का दावा

**नई दिल्ली:** दिल्ली के स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के डीन (रिसर्च) प्रो डा. अनिल दीवान ने दावा किया है कि आइजीआइ एयरपोर्ट टर्मिनल-1के फोरकोर्ट की छत मानसून से पहले जल निकासी वाले पाइपों की सफाई न करने से गिरी। अगर पाइप की सफाई की गई होती तो इस दुर्घटना को टाला जा सकता था। डा. अनिल दीवान ने शनिवार खुद एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 का दौरा किया। उन्होंने बताया कि वर्षा की वजह से फोरकोर्ट की छत पर बहुत ज्यादा पानी इकट्ठा हो गया था। इस पानी को कैनोपी के पाइप के रास्ते खुद निकल जाना चाहिए था। लेकिन जिस पाइप से पानी निकलना था, वह बंद था। इस वजह से छत पर पानी का वजन बहुत ज्यादा हो गया। उन्होंने संभावना जताते हुए कहा कि कैनोपी के जो स्टील के ज्वाइंट के पिन थे, वे फेल हो गए होंगे। वेल्डिंग व नट बोल्ट के कनेक्शन ठीक न होना भी शेड गिरने का कारण हो सकता है।

डा. दीवान ने बताया कि पानी निकलने का रास्ता पिलर के अंदर से होता है। ऐसे में जब पानी निकलता है तो पाइप में मिट्टी, पत्ते व पक्षियों की बीट जमा हो जाती है। इससे पाइप ब्लाक हो जाता है और पानी की निकासी नहीं हो पाती है। डा. दीवान का कहना है कि हर मानसून से पहले मेंटिनेंस किया जाना चाहिए। पाइप के अंदर जमा मिट्टी, पत्तों व पक्षियों की बीट को साफ किया जाना चाहिए, ताकी पानी निकल सके।

बता दें कि, शुक्रवार सुबह तेज वर्षा में आइजीआइ एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 के फोरकोर्ट की छत गिर गई थी। इसके नीचे दबने से एक कैब चालक की मौत हो गई थी और आठ लोग घायल हो गए थे। हादसे में मारा गया कैब चालक अपनी कार में ही बैठे था, जिस पर कैनोपी का भारी पिलर गिर गया था।

## वर्षा के कारण मेट्रो में बढ़ी यात्रियों की भीड़

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** राजधानी में शुक्रवार को हुई रिकार्ड वर्षा के बाद मेट्रो में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। इस वजह से शुक्रवार को पिछले दिन के मुकाबले मेट्रो में 6,78,353 अधिक यात्रियों ने यात्राएं (पैसेंजर जर्नी) की। मेट्रो में सफर के दौरान किसी यात्री ने तीन मेट्रो में सफर किया तो पैसेंजर जर्नी में एक ही यात्री की गिनती तीन बार होती है।

एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 मेट्रो स्टेशन को यात्रियों के लिए एक बार फिर खोल दिया गया है। इसलिए, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर नई दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 तक मेट्रो सेवा उपलब्ध हो गई है। 28 जून को भारी वर्षा में स्टेशन में पानी घुसने बंद कर दिया गया था।

# सिरसपुर अंडरपास में दो बच्चों की मौत

## पुलिस बोली, जलभराव में डूबने से हुई मौत, स्वजन का कहना- पानी में करंट आने से हुआ हादसा

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली:** सिरसपुर अंडरपास में जमा हुए वर्षा के पानी में शनिवार दोपहर नहा रहे दो बच्चों की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला नहाने के दौरान डूबने का लग रहा है। उधर, एक बच्चे के स्वजन का आरोप है कि मौत पानी में करंट फैलने से हुई है।

शुक्रवार को हुई वर्षा के बाद सिरसपुर अंडरपास में करीब तीन फीट तक पानी भर गया था। वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप है। शुक्रवार को यहां पानी निकालने का काम शुरू नहीं हो सका था। शनिवार को भी यहां पानी भरा हुआ था। दोपहर में यहां कुछ बच्चे नहाने गए थे। इनमें से एक बच्चा 12 वर्षीय गोपाल पानी से बाहर नहीं आया तो कुल लोगों ने इसकी सूचना उसके स्वजन को दे दी। गोपाल के मामा सनी ने बताया कि सूचना मिलते ही वह अंडरपास के अंदर पानी में जैसे ही उतरा करंट का तेज झटका लगा, फिर फौरन वह बाहर आ गया। वहीं भोला ने बताया कि वह भी सनी के साथ पानी में उतरा था, करंट लगते ही वह भी बाहर भागा। इसके बाद पुलिस व दमकल विभाग के कर्मचारी भी पहुंच गए। सर्च आपरेशन में पहले गोपाल का शव मिला और उसके बाद एक और अज्ञात बच्चे का शव मिला।

**गोपाल की मां और दादी का बुरा हाल:** गोपाल की दादी इंदु का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि जो भी संबंधित अधिकारी इस मामले में दोषी पाए जाते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया गोपाल के पिता धर्मेंद्र की मौत चार साल पहले एक सड़क हादसे में बिहार के मुजफ्फरपुर में हो गई थी। उसके परिवार में चार बेटे व पत्नी थे। धर्मेंद्र की पत्नी लक्ष्मी दिल्ली स्थित सिरसपुर में एक किराये के मकान में रह रही है। एक गत्ते की फैक्ट्री में काम कर परिवार का गुजारा कर रही है।



भोला



सनी

> सिरसपुर में जिस अंडरपास की बात हो रही है, वह डीएमआरसी की संपत्ति नहीं है। यह अंडरपास 2017-18 में बनाया गया था। तभी से डीएमआरसी बार-बार एमसीडी के मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर अंडरपास को अपने अधीन करने के लिए अनुरोध कर चुकी है। डीएमआरसी ने वहां से अतिरिक्त पानी निकालने के लिए तुरंत पंप भी लगाए हैं। **-अनुज दयाल**, प्रधान कार्यकारी निदेशक, डीएमआरसी

> यह अंडरपास दिल्ली नगर निगम के अधीन नहीं है। डीएमआरसी के अधीन आता है। **-शाकिब खान**, कनिष्ठ अभियंता, दिल्ली नगर निगम

दुखद हादसा » संपादकीय



सराय काले खां रेलवे अंडरपास में दूसरे दिन भी भरा रहा वर्षा का पानी, बंद रहा वाहनों का आवागमन ● विपिन शर्मा

## सरिता विहार अंडरपास में डूबने से व्यक्ति की मौत

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** सरिता विहार अंडरपास में वर्षा से हुए जलभराव में डूबने से शुक्रवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह स्कूटी से घर जा रहे थे।

पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे सूचना मिली थी कि सरिता विहार अंडरपास में भरे वर्षा के पानी में एक व्यक्ति डूब गया है। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक व्यक्ति को राहगीरों की मदद से बाहर निकाला जा चुका था। उनकी पहचान बदरपुर के जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट दो निवासी दिग्विजय कुमार चौधरी के रूप में हुई। वह स्कूटी से अपने घर जा रहा थे। जब सरिता विहार अंडरपास पहुंचे तो पानी ज्यादा होने से स्कूटी और वह डूब गए। पुलिस ने दिग्विजय को एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। यहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी मामले में स्वजन ने पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी है।

**दूसरे दिन भी जलभराव**

एक व्यक्ति की मौत के बाद भी संबंधित विभाग के अधिकारियों न कोई उचित कदम नहीं उठाए हैं। सरिता विहार अंडरपास में दूसरे दिन भी जलभराव रहा। यहां पर एक भी एमसीडी या जल बोर्ड का अधिकारी मुआयना करने नहीं पहुंचा।

**बदरपुर के जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट दो निवासी दिग्विजय कुमार चौधरी स्कूटी से सरिता विहार अंडरपास के रास्ते अपने घर जा रहे थे**

## न्यूरो सेंटर में सर्जरी शुरू, ट्रामा सेंटर के पांच ओटी अभी भी बंद

- शनिवार को एम्स, सफदरजंग, सहित सभी अस्पतालों में ओपीडी सामान्य रूप से चली
- एम्स ट्रामा सेंटर में प्लास्टिक सर्जरी ब्लाक में हादसा पीड़ितों की हुई सर्जरी




एम्स स्थित पार्किंग के बेसमेंट में भरा वर्षा का पानी ● जागरण

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** एम्स के न्यूरो सेंटर में आपरेशन थियेटर (ओटी) दोबारा शुरू हो गए हैं। इस वजह से न्यूरो के मरीजों की सर्जरी भी शुरू हो गई है। एम्स ट्रामा सेंटर के बेसमेंट में भरे पानी को निकाल दिया गया है, लेकिन सुरक्षा कारणों से शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी ट्रामा सेंटर में पांच आपरेशन थियेटर (ओटी) बंद रखे गए। एम्स का दावा है कि शनिवार को ट्रामा सेंटर के परिसर में मौजूद बर्न व प्लास्टिक सर्जरी ब्लाक में जरूरतमंद हादसा पीड़ितों की सर्जरी की गई और हादसा पीड़ितों को इलाज के लिए परेशान नहीं होने दिया गया। उल्लेखनीय है कि एम्स ट्रामा सेंटर, कार्डियक न्यूरो सेंटर सहित एम्स के विभिन्न ब्लाक के बेसमेंट में पानी भर गया था। यहां बिजली के उपकरण हैं। सुरक्षा के लिए बिजली के उपकरणों को बंद करना पड़ा था।

एम्स के मीडिया डिविजन की प्रभारी डा. रीमा दादा ने कहा कि ट्रामा सेंटर में पहली मंजिल पर मौजूद एक ओटी का संचालन जारी रखा गया था। इसमें चार गंभीर हादसा पीड़ितों की जीवन रक्षक सर्जरी की गई थी।

ट्रामा सेंटर के बेसमेंट से पानी निकाले जाने के बाद बिजली के उपकरणों नमी होने से शार्ट सर्किट होने का खतरा है, इसलिए ट्रामा सेंटर के मुख्य ओटी ब्लाक को अभी बंद रखा गया है, इसे किसी भी वक्त शुरू किया जा सकता है। शनिवार को एम्स, सफदरजंग, आरएमएल सहित सभी अस्पतालों में ओपीडी सामान्य रूप से चली। शुक्रवार को अस्पतालों की ओपीडी में कम मरीज पहुंचे थे।

**एम्स की पार्किंग में दूसरे दिन भी भरा रहा पानी**

एम्स के नए ओपीडी ब्लाक के पास स्थित भूमिगत पार्किंग के बेसमेंट तीन में दूसरे दिन भी पानी भरा रहा। देर शाम तक पंप से पानी निकालने का काम जारी था।

# दिन भर हुई हल्की वर्षा, तीन दिन आरेंज अलर्ट



आइटीओ पर वर्षा से जलभराव में इस तरह मस्ती करते दिखे बच्चे ● जागरण

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** राजधानी में मानसून आने के दूसरे दिन शनिवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे। दिन में रुक-रुक कर दिल्ली के कई इलाकों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विभाग ने रविवार से मंगलवार तक तीन दिन के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान दिल्ली में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है। मंगलवार के बाद भी वर्षा का दौर जारी रहेगा।

मौसम विभाग ने शनिवार के लिए भी आरेंज अलर्ट जारी किया था लेकिन पहले दिन रिकार्ड तोड़ भारी वर्षा के बाद दूसरे दिन मानसून के तेवर थोड़े नरम रहे। इससे शनिवार को दिल्ली में 8.9 मिलीमीटर ही वर्षा हुई। वर्षा कम होने के कारण जलभराव जैसी समस्या नहीं हुई। सुबह में साढ़े पांच बजे से साढ़े आठ बजे के बीच मयूर विहार में 3.5 मिलीमीटर व लोधी रोड में एक मिलीमीटर वर्षा हुई। इसके अलावा कई अन्य इलाकों में भी हल्की वर्षा हुई। दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सफदरजंग में 8.9 मिलीमीटर, लोधी रोड में 12.6 मिलीमीटर वर्षा हुई। सफदरजंग में हुई वर्षा को दिल्ली का औसत माना जाता है। दिल्ली में दो दिनों में 234.5 मिलीमीटर वर्षा हुई है जो सामान्य (66.7 मिमी) से 252 प्रतिशत (167.8 मिमी) अधिक है।

दिल्ली में अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य है। एक दिन पहले दिल्ली का तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस था।

**मध्यम श्रेणी में पहुंची हवा की गुणवत्ता**

दिल्ली में शनिवार को वर्षा कम होने कारण एक दिन बाद ही हवा की गुणवत्ता संतोषजनक श्रेणी से मध्यम श्रेणी में पहुंच गई। दिल्ली और आसपास के के ज्यादातर प्रमुख शहरों में भी हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में रही। लोगों ने साफ हवा में सांस ली। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार रविवार को भी वर्षा के होने के आसार हैं और वर्षा होने पर एयर इंडेक्स (एक्यूआइ) में सुधार होगा। इसलिए रविवार से मंगलवार तक दिल्ली में हवा की गुणवत्ता संतोषजनक श्रेणी में रह सकती है। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली का एयर इंडेक्स 118, फरीदाबाद का 171, गाजियाबाद का 123, ग्रेटर नोएडा का 110, गुरुग्राम का एयर इंडेक्स 133 रहा जो मध्यम श्रेणी में है।

# प्रगति मैदान सुरंग सड़क में नहीं शुरू हो सका यातायात



प्रगति मैदान स्थित सुरंग सड़क में जलभराव होने पर मार्ग बंद दूसरे दिन भी बंद रहा ● चंद्र प्रकाश मिश्र

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** मानसून की पहली ही वर्षा में प्रगति मैदान सुरंग सड़क में यातायात ठप हो गया है। पानी भर जाने से इस परियोजना से जुड़े सुप्रीम कोर्ट और भैरों मार्ग-रिंग रोड अंडरपास में भी यातायात दो दिन से ठप है। सूत्रों का कहना है कि सुरंग सड़क में पानी की समस्या दूर करने के मामले में आइटीपीओ (भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद) बड़ी समस्या बन रहा है। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद पीडब्ल्यूडी की सुरंग सड़क में यातायात का संचालन न हो पाने की समस्या इसलिए बढ़ गई क्योंकि एक तरफ आइटीपीओ के रैंप से सुरंग में पानी आ गया और दूसरी ओर मथुरा रोड से भी सुरंग में पानी आया। मथुरा रोड सर्विस लेन का पानी सुरंग में डाला गया। यह पानी आसपास बने बंगलों में भर गया था।

राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलजमाव होने के कारण शनिवार को भी प्रगति मैदान सुरंग सड़क बंद रही, जिसके कारण यातायात में बड़ी बाधा उत्पन्न हुई। क्योंकि सुरंग सड़क के साथ साथ सुप्रीम कोर्ट अंडरपास बंद है और उधर भैरों मार्ग-रिंग रोड अंडरपास भी बंद है। इसके चलते नई दिल्ली और मध्य दिल्ली की ओर से प्रगति मैदान के रास्ते यमुनापार आने वाले लोगों को भारी परेशानी हुई। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक सुरंग से पानी की निकासी अभी भी जारी है। रविवार सुबह तक इसे खोले जाने की संभावना है। 12 घंटे की मशक्कत के बाद मिंटो ब्रिज अंडरपास से पानी निकाला गया और बाद में इसे आवाजाही के लिए खोल दिया गया।

# निरीक्षण में एलजी को मलबे-गाद से भरे मिले नाले



बरापुला ड्रेन का निरीक्षण करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना ● सौजन्यः राज निवास

**अधिकारियों को दिए निर्देश**

- उपराज्यपाल वीके सक्सेना सभी नालों से गाद निकालने का दिया निर्देश
- तैमूर नगर, बारापूला ड्रेन, आइटीपीओ, तिलक ब्रिज, कुशकनाला, गोल्फ लिंक और भारती नगर में नालों का किया दौरा
- राजधानी के लिए फुलप्रूफ जल निकासी योजना तैयार करने के लिए कहा
- चेतावनी दी कि किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी
- सफाई के बाद फोटोग्राफिक साक्ष्य के साथ रिपोर्ट देने करने के दिए सख्त निर्देश

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** एलजी वीके सक्सेना ने राजधानी में जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए दिए निर्देशों के बाद शनिवार को हालात का जायजा लिया। उन्होंने सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों और नालों का निरीक्षण किया। उन्हें कई जगहों पर कूड़े, मलबे और गाद नाले में भरे मिले। उन्होंने संबंधित एजेंसी को युद्ध स्तर पर नालों से गाद निकालने का दिया निर्देश। साथ ही उन्होंने बारापुला नाला के अलावा तैमूर नगर, आइटीपीओ, तिलक ब्रिज, कुशकनाला, गोल्फ लिंक और भारती नगर में नालों का दौरा किया।

एलजी ने एजेंसियों को जल निकासी व्यवस्था को फुलप्रूफ बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने इस पर नाराजगी जताई कि मानसून की तैयारियों के दौरान किसी भी प्रमुख नाले से गाद नहीं निकाली गई और न ही सफाई की गई। यही वजह रही कि कई जगहों पर भारी जलभराव हो गया। उन्होंने अधिकारियों को नालों के किनारे हुए अतिक्रमण को तुरंत हटवाने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल ने दिल्ली के मुख्य सचिव/अध्यक्ष एनडीएमसी, एमसीडी आयुक्त, प्रधान सचिव पीडब्ल्यूडी समेत दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सबसे पहले तैमूर नगर ड्रेन का निरीक्षण किया। इसमें ओखला, तैमूर नगर, शाहीनबाग, जसोला, भारत नगर, जामिया नगर का बड़ा हिस्सा आता है। उन्होंने इनके साथ लगी पाश कालोनियां-न्यू फ्रेंड्स कालोनी, महारानी बाग और दूसरी जगहों का भी दौरा किया, जहां पर शुक्रवार को वर्षा के बाद बाढ़ आ गई थी।

एमसीडी के अंतर्गत आने वाले तैमूर नगर ड्रेन में भारी मात्रा में गाद और कचरा जमा होने की वजह से पानी का बहाव रुक गया था। उपराज्यपाल के साथ केंद्रीय मंत्री और पूर्वी दिल्ली से सांसद हर्ष मलहोत्रा और नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद थीं। इसके बाद उपराज्यपाल ने पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाले आइटीपीओ और तिलक ब्रिज ड्रेन का दौरा किया। यहां पर भी उन्हें नालों की वही स्थिति देखने को मिली, जो इससे पहले अन्य जगहों पर देखने को मिली थी। नाले कचरे और गाद से भरे हुए थे, जिसकी वजह से पानी का बैक फ्लो हो रहा था। इसके परिणामस्वरूप आइटीओ के समूचे क्षेत्र में बाढ़ आ गई थी।

**अतिरिक्त पंप लगाने का दिया निर्देश:** उपराज्यपाल ने दयाल सिंह कालेज के सामने कुशकनाला, गोल्फ लिंक ड्रेन और भारती नगर का भी दौरा किया, जहां स्थानीय लोगों ने नालियों और सीवर लाइनों के जाम होने की शिकायत की।

उन्होंने ने एनडीएमसी अधिकारियों को नालों से तुरंत गाद निकालने का निर्देश दिया और भारी वर्षा की स्थिति में जलभराव को दूर करने के लिए जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पंप लगाने करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को जलभराव और बाढ़ को रोकने के लिए अतिरिक्त पंप लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सक्सेना ने इन सभी स्थलों पर नालों में फेंके गए कूड़े पर भी नाराजगी जताई और संबंधित एजेंसियों को 3-4 दिनों में कूड़े, मलबे और कीचड़ को हटाने और फोटोग्राफिक और वीडियो साक्ष्य के साथ इसकी रिपोर्ट देने के सख्त निर्देश दिए।

## जलभराव रोकने की तैयारियों की होगी समीक्षा

- पीडब्ल्यूडी ने लगाए 700 पंप और 100 सीसीटीवी कैमरे
- फिर भी मानसून की पहली ही बारिश में हो गया जलभराव

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** मानसून में दिल्ली की सड़कें जलमग्न नहीं हों, इसे देखते हुए मानसून के दौरान सड़कों पर जलभराव रोकने के लिए दिल्ली भर में 700 से ज़्यादा स्थाई पम्प लगाए गए हैं। 40 से अधिक स्थानों पर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। 24 घंटे कंट्रोलरूम चल रहा है। फिर भी पहली ही बारिश में जलभराव हो गया, इसे लेकर जल भराव रोकने के लिए की गई तैयारियों की पीडब्ल्यूडी समीक्षा करेगा। विभाग के प्रधान अभियंता ए अंबरासु ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया, उन्होंने व्यवस्थाओं को समझा और कंट्रोल रूम की टीम को लगातार सक्रिय रहने के लिए कहा।

विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मानसून की पहली बारिश में दिल्ली में हुआ जलभराव अत्यधिक वर्षा के कारण हुआ है। मगर की गईं तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी, उन्होंने कहा कि हम लोग बीच-बीच में तैयारियों की समीक्षा करते रहते हैं, कहीं पर कुछ जरूरत महसूस होती है तो वहां संसाधन बढ़ाए जाते हैं। मानसून की तैयारियों को लेकर पीडब्ल्यूडी नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है और विभाग का सेंट्रल कंट्रोल रूम गंभीर जलभराव वाले स्थानों की 24 घंटे सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी कर रहा है। जलभराव वाले 40 से अधिक प्वाइंट पर 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। विभाग के कंट्रोल रूम को गत 15 जून से शुरू किया गया है, यहां 24 घंटे अभियंताओं की तैनाती गई है। कंट्रोल रूम की यह भी जिम्मेदारी है कि किसी भी स्थान पर जलभराव होने पर अफसरों को उसी समय अवगत कराएं। पंप वाले 10 स्थानों पर सेंसर वाले आटोमेटिक हैं जो सेंसर से पानी के स्तर के बढ़ने पर स्वतः शुरू हो जाने वाले हैं।

********

संपादकीय जागरण
रविवार, 30 जून, 2024 : आषाढ़ कृष्ण – 9 वि. 2081

सुख व्यक्ति के अहंकार और दुख धैर्य की परीक्षा लेता है

# नए आपराधिक कानून

**अंग्रेजों के** जमाने की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने और न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए तीन नए आपराधिक कानूनों पर अमल की तैयारी के बीच विरोध के स्वर उभरने पर हैरानी नहीं। अपने देश में सदैव ऐसा ही होता है। पिछले कुछ समय से ऐसा कुछ ज्यादा ही होने लगा है। सुधार के हर कदम का विरोध किया जाता है। कई बार तो उस कदम के गुण-दोष का संज्ञान लिए बिना। ऐसा विरोध के लिए विरोध की राजनीति के तहत किया जाता है। इस पर आश्चर्य नहीं कि जहां बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक जुलाई से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ प्रधानमंत्री को पत्र लिख दिया है, वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी अपनी आपत्ति दर्ज करा दी है। विपक्षी दलों के कुछ और नेताओं ने भी इन नए आपराधिक कानूनों को लागू किए जाने का विरोध करना शुरू कर दिया है। कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गए हैं। विरोध के लिए वही घिसे-पिटे तर्क दिए जा रहे हैं, जैसे यह कि नए कानूनों को लागू करने के पहले पूरी तैयारी नहीं की गई है। स्पष्ट है कि यह तर्क देने वाले जानबूझकर इसकी अनदेखी कर रहे हैं कि इन कानूनों को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद से लाखों पुलिसकर्मियों समेत जेल, फोरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कदम भी उठाए गए हैं।

इससे इन्कार नहीं कि तीनों नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के क्रम में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन ऐसा तो हर नई व्यवस्था पर अमल करते समय होता है। जितना बड़ा बदलाव होता है, चुनौतियां भी उतनी ही अधिक होती हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि चुनौतियों से बचने के लिए पुरानी और कष्टकारी व्यवस्था को बनाए रखा जाए। कोई भी इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि अंग्रेजी सत्ता की ओर से बनाए गए आपराधिक कानून न्याय देने में सहायक नहीं बन रहे। छोटे-छोटे मामलों में भी न्याय पाने में आवश्यकता से अधिक समय और संसाधन खपाना पड़ता है। नए आपराधिक कानूनों को लागू करने में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, उनमें से कुछ का तो अनुमान लगाया जा रहा है, लेकिन कुछ ऐसी चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं, जिनके बारे में अभी किसी को आभास न हो। ऐसे में सरकार को आवश्यक परिवर्तन और संशोधन करने के लिए तत्पर रहना चाहिए, ताकि लोगों को समय पर सुगम तरीके से न्याय मिल सके। इन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने का मूल उद्देश्य भी यही है। नए आपराधिक कानूनों के लागू करने के क्रम में यह प्राथमिकता के आधार पर देखना होगा कि वे न्यायिक तंत्र के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली और उसकी छवि को सुधारने में सक्षम होते हैं या नहीं?

# दुखद हादसा

**सरिता विहार** और सिरसपुर अंडरपास में वर्षा के कारण हुए जलभराव में दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो जाना अत्यंत दुखद हादसा है। लेकिन सही मायनों में यह हादसा कम, प्रशासनिक लापरवाही के चलते हुई दुर्घटना अधिक है। सिर्फ यह कह देने से कोई जिम्मेदारी से बच नहीं सकता कि वह अंडरपास किसके अधीन आता है। देश की राजधानी में तीन-तीन स्तर पर सरकारें यानी नगर निगम, दिल्ली सरकार एवं एलजी होने के बावजूद सबसे पहले तो अंडरपास में कई फीट पानी भरना ही बड़ी लापरवाही है। उस पर भी अगले दिन तक वर्षा के जल की निकासी न हो पाना उससे भी बड़ी अकर्मण्यता है। फिर मानसून पूर्व की तैयारियों का औचित्य ही क्या रह गया?

**अंडरपास सुविधा के लिए होते हैं, ताकि रोड पार करते कोई हादसे का शिकार न हो, लेकिन अंडरपास ही हादसों का कारण बन जाए तो गंभीर सवाल खड़े होते हैं**

अंडरपास जनता की सुविधा के लिए बनाए जाते हैं। ऐसी व्यस्त सड़कों, हाईवे और चौराहों पर, जहां सड़क पार कर पाना आसान न हो। ताकि सड़क पार करने के दौरान कोई हादसे का शिकार न हो। लेकिन अगर ये अंडरपास खुद ही हादसों का पर्याय बन जाएं तो! केवल जलभराव ही नहीं, बहुत से अंडरपास असामाजिक तत्वों का अड्डा बने हुए हैं और कई बार आपराधिक घटनाओं की वजह भी बन जाते हैं तो काफी अंडरपास गंदगी या अतिक्रमण के शिकार हैं। अगर संबंधित विभाग रखरखाव नहीं कर सकते तो इन्हें बनाने का मतलब ही क्या है? यह तो सीधे सीधे सरकारी धन की बर्बादी है। ऐसे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान होनी चाहिए जो इस लापरवाही के जिम्मेदार हैं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## कह के रहेंगे


माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम


क्या दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले भारतीय क्रिकेट टीम अधिक मजबूत है?




**आज का सवाल**
क्या दिल्ली में रिकार्ड बारिश जलवायु परिवर्तन का नतीजा है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# विपक्ष की अनावश्यक आक्रामकता



संजय गुप्त

**आखिर कोई दल आपातकाल के स्मरण का विरोध करते हुए यह दावा कैसे कर सकता है कि वह संविधान बचाने के लिए प्रतिबद्ध है?**

नई लोकसभा के गठन के साथ ही नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार की तीसरी पारी की शुरुआत हो चुकी है। इस सरकार का नेतृत्व संभालने के पहले से कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने यह माहौल बनाना शुरू कर दिया था कि भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जो सरकार बनी, उसे बहुमत हासिल नहीं है। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि जनता ने भाजपा के चार सौ पार के नारे को ठुकरा दिया, इसलिए यह प्रधानमंत्री मोदी की नैतिक और राजनीतिक हार है। यह सही है कि भाजपा को बहुमत नहीं मिला, लेकिन कांग्रेस का यह दावा भी तो सही नहीं साबित हुआ कि उसके नेतृत्व वाले गठबंधन यानी आइएनडीआइए को 295 सीटें मिलेंगी। कांग्रेस नेता इस तथ्य की अनदेखी कर रहे हैं कि भाजपा ने अपने सहयोगी दलों के साथ बहुमत हासिल किया। भाजपा ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर वैसे ही चुनाव लड़ा था, जैसे कांग्रेस ने अपने घटक दलों के साथ।

चूंकि कांग्रेस को पिछली बार के मुकाबले लगभग दोगुनी सीटें मिली हैं, इसलिए उसका उत्साहित होना समझ में आता है, लेकिन आखिर वह यह माहौल क्यों बना रही है कि लोकसभा चुनावों में आइएनडीआइए की जीत हुई और राजग अर्थात एनडीए की हार? अपने संख्याबल में वृद्धि के चलते कांग्रेस का मनोबल बढ़ा है, लेकिन यह जताना उसकी एक राजनीतिक भूल है कि उसने भाजपा को मात दे दी है। यह माहौल बनाने में वह राहुल गांधी भी जुटे हुए हैं, जो लोकसभा में नेता-प्रतिपक्ष बन गए हैं। यदि मोदी की हार हुई है तो फिर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष का पद क्यों स्वीकार कर लिया? लगता है राहुल गांधी यह मानकर चल रहे हैं कि वह प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जितना अधिक हमलावर होंगे और राजनीतिक मर्यादा का उल्लंघन करते हुए आक्रामक बने रहेंगे तो इससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ेगी। यदि राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष के तौर पर यही रवैया रहा तो इसके आसार कम ही हैं कि वह अपनी इस नई भूमिका में कोई सकारात्मक राजनीति कर सकेंगे और सरकार को रचनात्मक सहयोग देने में कोई सार्थक भूमिका निभा सकेंगे।

जैसी आशंका थी, नई लोकसभा का कार्यकाल विपक्ष की आक्रामकता के साथ शुरू हुआ। विपक्ष का आक्रामक रवैया लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी दिख रहा है। पिछले दिनों तो राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सभापति के आसन के समक्ष पहुंच गए। लोकसभा में भी विपक्ष ने सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी। इससे आने वाले दिनों में संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तालमेल के आसार नहीं। इसकी एक झलक संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के संबोधन के समय भी मिली। विपक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के उन बिंदुओं पर भी आपत्ति जताई, जिन पर आपत्ति का कोई मतलब नहीं बनता था। सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव की झलक तब भी मिली, जब लोकसभा स्पीकर के चुनाव की नौबत आ गई। यह नौबत कांग्रेस के अनावश्यक आक्रामक रवैये के कारण ही आई। नई लोकसभा में नव निर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विपक्षी नेताओं ने जिस तरह संविधान की प्रतियां लहराते हुए उसे बचाने का नैरेटिव गढ़ा, उसकी कहीं कोई जरूरत नहीं, क्योंकि संविधान को कोई खतरा नहीं।



अवधेश राजपूत

यह ठीक है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने यह जो झूठा नैरेटिव गढ़ा कि यदि राजग को 400 सौ से अधिक सीटें मिल गईं तो भाजपा संविधान बदल देगी, उससे उन्हें राजनीतिक लाभ मिला, लेकिन झूठ की राजनीति लंबे समय तक नहीं चलती। कांग्रेस की झूठ की राजनीति की तब पोल भी खुल गई, जब कांग्रेस संविधान बचाने का दावा करने के साथ ही आपातकाल के स्मरण पर अपनी आपत्ति जताने लगी। ध्यान रहे संविधान तब खतरे में पड़ा था जब 1975 में इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता बचाने के लिए देश पर आपातकाल थोप दिया था। आपातकाल के दौरान विपक्ष और मीडिया का जमकर उत्पीड़न किया गया। इससे भी खराब बात यह हुई कि संविधान की प्रस्तावना को बदल दिया गया। यह हैरानी की बात है कि जिस कांग्रेस को आपातकाल के दौरान हुई ज्यादतियों और संविधान से की गई छेड़छाड़ को इंदिरा गांधी की एक बड़ी राजनीतिक भूल के तौर पर देखना चाहिए था, वह उसका दबे-छिपे स्वरों में बचाव कर रही। उसने पहले लोकसभा अध्यक्ष की ओर से आपातकाल के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर हंगामा किया और फिर राष्ट्रपति के अभिभाषण में आपातकाल की चर्चा का भी विरोध किया।

कांग्रेस आपातकाल को लेकर किस तरह चोरी और सीनाजोरी वाले रवैये का परिचय दे रही है, इसका पता लोकसभा अध्यक्ष की ओर से सदन में आपातकाल के खिलाफ प्रस्ताव लाने के फैसले का राहुल गांधी की ओर से विरोध करना रहा। अच्छा तो यह होता कि कांग्रेस भारतीय लोकतंत्र के लिए एक काला धब्बा साबित हुए आपातकाल को गलत ठहराती। यदि वह ऐसा करने का साहस नहीं जुटा सकी तो अच्छा होता कि वह आपातकाल के स्मरण पर मौन साधे रहती। आपातकाल के स्मरण पर कांग्रेस ने जिस तरह अपनी आपत्ति जताई, उससे यह और भी आवश्यक हो जाता है कि आपातकाल को कभी भूला नहीं जाना चाहिए। आखिर कोई दल आपातकाल के काले कारनामों के स्मरण का विरोध करते हुए यह दावा कैसे कर सकता है कि वह संविधान बचाने के लिए प्रतिबद्ध है? कांग्रेस ने अपने रवैये से यही साबित किया कि उसके नेता जिस संविधान की प्रतियां लहरा रहे हैं, उसके प्रति उनके मन में कोई आदर भाव नहीं।

कांग्रेस इसकी अनदेखी नहीं कर सकती कि लोकसभा में आपातकाल के खिलाफ जो प्रस्ताव लाया गया, उसका उसके ही कुछ सहयोगी दलों ने समर्थन किया। उनके लिए इस प्रस्ताव का विरोध करना संभव ही नहीं था, क्योंकि आपातकाल के दौरान उनके भी नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। कांग्रेस को यह आभास होना चाहिए कि तमाम प्रयासों के बाद भी वह 99 सीटें ही हासिल कर सकी है, जबकि भाजपा ने दस साल सत्ता में रहने के बाद भी 240 के आंकड़े को छू लिया। अब जब कांग्रेस को विपक्षी दल का दर्जा हासिल हो गया है, तब फिर अच्छा यह होगा कि वह संसदीय कार्यवाही के संचालन और देश के विकास में सकारात्मक योगदान दे।

response@jagran.com

# चिंतन की तलाश में भटकते चिंतक

**हास्य-व्यंग्य**



अतुल कुमार राय

**बहुत सोचने के बाद उन्हें समझ में आया कि आस-पास का माहौल ही मौलिक चिंतन लायक नहीं है**

चिंतक जी के पास एक छोटी-सी सरकारी नौकरी थी। जहां सरकार उनको काम करने के लिए नहीं, बल्कि अपना काम दूसरे से करवाने के लिए पैसे दे रही थी और चिंतक जी का जीवन मजे में कट रहा था। एक दोपहर चिंतक जी के एक शुभचिंतक मित्र उनसे मिलने सरकारी कार्यालय पधारे और गर्मी से नहीं, बल्कि चिंतक जी की आराम की नौकरी से जलते हुए बोले, 'भाई साहब, सातों जन्म का पुण्य जब इकट्ठा होता है, तब जाकर आदमी को आप जैसी आराम की नौकरी मिलती है। कहिए तो एक नेक सलाह दूं?' चिंतक जी ने बेमुरव्वत भरे लहजे में पान खाकर कहा, 'पहली बात तो यह है कि कार्यालय में हम किसी की सलाह नहीं मानते हैं, पर आप ठहरे शुभचिंतक आदमी इसलिए आपको बोलने की अनुमति देता हूं।' शुभचिंतक जी ने कहा, 'प्रिय चिंतक, आप इस तरह से कार्यालय की कुर्सी पर निकम्मे की तरह बैठकर सरकार का बजट क्यों बर्बाद कर रहे हैं? इस खाली समय का उपयोग बौद्धिक चिंतन-मनन में कीजिए। देश को आपकी बड़ी जरूरत है। देश रसातल में जा रहा है।'

शुभचिंतक जी द्वारा दिया गया चिंतन-मनन का यह विचार बड़ा ही मौलिक और क्रांतिकारी था। हाथ के इशारे से कार्यालय का हर काम करने वाले चिंतक जी ने सिगरेट बुझाकर झट से पूछा, 'तो बताओ मैं किस चीज का चिंतन करूं?' शुभचिंतक जी ने बताया, 'गुरु, आप ठहरे ज्ञानी आदमी। अपने ज्ञान को सिगरेट के धुएं में उड़ाकर देश की हवा और आसपास के लोगों के फेफड़े खराब करना बंद कीजिए और ज्ञान का धुआं उड़ाइए। देखिए कितना भ्रष्टाचार बढ़ गया है। महंगाई रोकने से नहीं रुक रही है। नेता तिकड़मबाजी में व्यस्त हैं, अफसर जुगाड़ में। इस कठिन समय में आप आगे नहीं आएंगे तो कौन आएगा?'

चिंतक जी ने अपनी कुर्सी थोड़ी आगे खिसका ली और पूछा, 'यह सब तो ठीक है गुरु, पर मुझे चिंतन करने के लिए क्या करना होगा?' शुभचिंतक जी ने कहा, 'भीड़ से दूर एकांत में बैठकर मनन करना होगा। अपने मौलिक विचार हर कहीं और खासकर एक्स, फेसबुक आदि पर रखने होंगे।' चिंतक जी ने कहा, 'लेकिन मुझे तो ये सब प्लेटफार्म चलाने नहीं आते। मैंने तो अपने खाते तक नहीं बना रखे।' शुभचिंतक जी ने कहा, 'कोई बात नहीं, जिनको साइकिल चलानी नहीं आती, वे सरकार तक चला रहे हैं। मैं आपका इंटरनेट मीडिया चला लूंगा। आप बस चिंतन पर फोकस कीजिए।'

शुभचिंतक मित्र की इस सलाह के बाद चिंतक जी के ज्ञान चक्षु खुल गए। घर लौटे तो देखा केंद्रीय विश्वविद्यालय की ली हुई तमाम डिग्रियां, मेडल, फेलोशिप और पुरस्कार रो रहे हैं। किताबें तो खुलने के इंतजार में धूल फांककर मुरझा गई हैं और पूछ रही हैं कि हे चिंतक, हमारा अंतिम संस्कार अपने ही साथ करोगे या पहले करोगे? चिंतक जी को अपनी बौद्धिक संपदा का हश्र देखकर सचमुच रोना आ गया। ऐसा लगा सरकारी नौकरी की टूटी कुर्सी ने सच में उनके बौद्धिक चश्मे को तोड़ दिया है। आलस्य-प्रमाद और भौतिकवादी जीवन ने उन्हें आत्मकेंद्रित बना दिया है, लेकिन अब नहीं। अब चिंतन करना होगा, देश बदलना होगा।

चिंतक जी चिंतन की तलाश में देर रात तक बालकनी में टहले फिर भी चिंतन न उपजा। उसके बाद छत पर टहले, फिर भी कोई मौलिक विचार न आया। अलबत्ता पत्नी ने जरूर देख लिया और अपना पत्नी धर्म निभाते हुए ऊंची आवाज में ताना मारा, 'आपको घर की चिंता छोड़कर देश की इतनी ही चिंता है तो हिमालय क्यों नहीं चले जाते हैं?' पत्नी के तानों की त्वरा देखकर चिंतक जी का कलेजा कांप गया। वह हिमालय जाने के बजाय सीधे बेडरूम में आ गए। तब समझ में आया कि उनके आस-पास का माहौल ही मौलिक चिंतन लायक नहीं है। इस उबाऊ माहौल में कहां से मौलिक विचार आएंगे? अगर चिंतन करना है तो माहौल को ढंग का बनाना पड़ेगा। तभी मौलिक विचार आएंगे। फिर वह ढंग का माहौल बनाने निकल पड़े।

response@jagran.com

## ऊर्जा

### ईश्वर दर्शन


धर्मग्रंथों में देवता और दानव, दोनों का उल्लेख है। अधिकांशतः लोग अपने जीवन को खुशहाल बनाने के लिए देवी-देवताओं की पूजा करते हैं, व्रत-उपवास रखते हैं एवं यज्ञ-अनुष्ठान आदि भी करते रहते हैं। कभी-कभी बहुत से लोग धर्म क्षेत्र के विशेषज्ञों, महात्माओं से यह इच्छा भी प्रकट करते हैं कि क्या भगवान का साक्षात दर्शन किया जा सकता है? इस बारे में अलग-अलग तरह के आश्वासन दिए जाते हैं। बोध-कथाओं के जरिये धर्मगुरु लोगों को अलग-अलग तरीके से समझाते और संतुष्ट करते हैं।

वैसे देवी-देवता के साक्षात दर्शन हो सकते हैं, लेकिन भगवान विष्णु, महादेव, मां काली यदि सच में पूजा-पाठ के दौरान आ जाएं तो उपासक खुद ही थर-थर कांपने लगेगा। भगवान के किए गए कार्यों को अपने जीवन में अपना कर खुद भगवान का दर्जा हासिल करना धर्मग्रंथों का मूल उद्देश्य है। श्रीराम कथा में प्रसंग है कि भगवान श्रीराम जन्म लेने के बाद जैसे ही अपना सुदर्शन चक्रधारी चतुर्भुजी रूप माता कौशल्या को दिखाते हैं तो वह घबरा-सी गईं और तत्काल उनसे शिशु रूप धारण करने की प्रार्थना करने लगीं। भगवान श्रीराम धर्मग्रंथों में वर्णित अनेक राजाओं की तरह ही सामान्य राजा ही रह जाते यदि वह बनवास के लिए न जाते। प्रायः यह कहा जाता है, 'श्रीराम वन जाकर बन गए।'

वस्तुतः कोई भी अपने कार्यों से भगवान बन जाता है और दैत्य भी बन जाता है। गौतम बुद्ध ने मानवता की सेवा करने के लिए ऐश्वर्यपूर्ण राजमहल छोड़ दिया। इसके बाद अपने आचरण से न जाने कितने दैत्य प्रवृत्ति के लोगों को देव-श्रेणी में खड़ा कर दिया। कोई भी व्यक्ति सड़क पर घायल व्यक्ति को जब अस्पताल पहुंचाकर उसका जीवन बचाता है तब उस क्षण वह जीवनदाता की श्रेणी में तो आ ही जाता है। इसलिए मानवता की सेवा कर देवस्वरूप हासिल करना ज्यादा सरल और सहज मार्ग है।

सलिल पांडेय

## तथ्य-कथ्य | लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (1990 के बाद से अब तक)



| राजीव गांधी | अटल बिहारी वाजपेयी | शरद पवार | सोनिया गांधी | लालकृष्ण आडवाणी | सुषमा स्वराज | राहुल गांधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (दिसंबर 1989 - दिसंबर 1990) | (जून 1997 - दिसंबर 1997) | (मार्च 1998 - अप्रैल 1999) | (अक्टूबर 1999 - फरवरी 2004) | (मई 2004 - दिसंबर 2009) | (दिसंबर 2009 - मई 2014) | (जून 2024 - ...) |

## भूलने में कुछ वक्त तो लगेगा



कुछ दौर ऐसे होते हैं जिन्हें भूलना आसान नहीं होता है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इन दिनों कुछ ऐसे ही दौर से गुजर रहे हैं। वैसे तो अब उन्हें केंद्र सरकार में बड़ा पद मिला गया है। उन्हें कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री जैसी अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं, लेकिन अभी भी वह बात-बात में मुख्यमंत्री का जिक्र कर ही जाते हैं। हाल में इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट (आइसीएआर) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते समय वह खुद को मुख्यमंत्री बोल गए। हालांकि तुरंत ही मामा ने अपनी इस गलती को सुधारा और ठहाका लगाते हुए कहा कि 'चार बार मुख्यमंत्री रहा हूं, ऐसे में कुछ दिन तो लगेंगे भूलने में। वहां भी हमें यह गुमान नहीं था कि हम सब कुछ जानते हैं। यहां भी नहीं है। कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में काम करने वाले सभी विशेषज्ञों की सूची तैयार करवा रहे हैं। जल्द ही सभी से मिलेंगे।'

## बारिश में माननीय

**राजरंग**

दिल्ली में रिकार्ड बारिश ने आम दिल्लीवासियों को परेशान तो किया ही, सांसदों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। लुटियंस जोन में स्थित कई सांसदों के घरों में पानी भर गया, जिसकी शिकायत वे संसद के गलियारे में एक-दूसरे से करते नजर आए। सपा सांसद राम गोपाल यादव के घर के बाहर ऐसी स्थिति थी कि उन्हें उनके गार्डों ने हाथ से उठा कर गाड़ी में बैठाया। शशि थरूर भी यह शिकायत करते दिखे कि उनके घर का सारा सामान गीला हो गया। थरूर और उनके साथ कुछ कांग्रेसी सांसदों ने सदन के गलियारे में भाजपा के कुछ सांसदों को घेर लिया और उनसे शिकायत करने लगे कि कैसे पहली बारिश में ही दिल्ली डूब रही है, क्या इंतजाम है आप लोगों का? भाजपा सदस्यों ने भी चुटकी ली कि यह तो 'आप' का काम है। दिल्ली में सरकार तो आप की ही है।

## अबकी बार कितना पार

लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के लक्ष्य से काफी पीछे रह जाने के बाद भाजपा में सदस्यता अभियान के लक्ष्य को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 17 करोड़ वोट मिले थे और इसके बाद चले सदस्यता अभियान में वह 11 करोड़ सदस्य बनाने में सफल रही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 22.90 करोड़ वोट मिले थे और उसके बाद पार्टी 18 करोड़ सदस्य बनाने में सफल रही थी। 2024 में भाजपा पिछली बार से महज 70 लाख अधिक वोट पाने में सफल रही है। भाजपा के संगठन चुनावों के पहले जुलाई से सदस्यता अभियान शुरू होने वाला है और इसकी तारीखों का एलान जल्द किया जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा इस बार कितने सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित करती है और उसे कितना हासिल कर पाती है।

## हम साथ-साथ हैं

लोजपा (आर) के सांसदों की एकता इस बार चर्चा का विषय है। इस बार लोकसभा में चिराग पासवान समेत इसके पांच सदस्य जीतकर आए हैं। संसद परिसर में पांचों साथ-साथ दिखते हैं। सदन में सब एक साथ जाते हैं। मंत्री होने के चलते चिराग सदन में भले ही अलग बैठते हैं, किंतु बाहर आते समय फिर एक साथ हो जाते हैं। मीडिया से बातचीत में भी अलग नहीं होते। पिछली बार लोकसभा में लोजपा के छह सदस्य थे, लेकिन ज्यादा दिनों तक एक नहीं रह पाए थे। चिराग पासवान के चाचा पशुपति कुमार पारस ने बड़ा झटका देते हुए पांच सांसदों को तोड़कर अलग दल बना लिया था, किंतु इस बार आम चुनाव के पहले से ही चिराग ज्यादा सजग-सतर्क नजर आ रहे हैं। टिकट बंटवारे में भी ऐसे प्रत्याशियों को प्राथमिकता दी थी, जो टूट-फूट की राजनीति से अलग रह सकें।



## पोस्ट

बिहार में एक और पुल ढह गया, लेकिन किसी को परवाह नहीं और कोई जवाबदेह नहीं है। क्या ठेकेदारों और सरकारी अधिकारियों/ मंत्रियों के बीच कोई साठगांठ है? इन पुलों के निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री की खराब गुणवत्ता और खराब रखरखाव के कारण करदाताओं के करोड़ों रुपये बर्बाद हो रहे हैं।
मारिया शकील@maryashakil

जिंदगी की कीमत क्या है? आप सड़क पर चल रहे हैं और फ्लाई ओवर गिर जाता है। आप पुल पार कर रहे हैं और पुल गिर जाता है। आपको यह भरोसा नहीं है कि कौन-सी होर्डिंग कब आपके सिर पर चलते-फिरते गिर जाए। ऐसी घटनाओं का कोई अंत नहीं है।
ऋतिका चंदोला@RitikaChandola



भारत का विरोधाभास देखिए- चंद्रमा पर यान उतारने में सक्षम, लेकिन अंग्रेजों के जाने के लगभग 80 वर्ष बाद भी जल निकासी जैसी बुनियादी चीज में महारत हासिल करने में असमर्थ है।
सदानंद धूमे@dhume

सपा की मांग है कि सेंगोल की जगह संसद में संविधान की बड़ी सी मूल प्रति स्थापित की जाए। कर दो, लेकिन संविधान की मूल प्रति में न सेक्युलर शब्द है, न सोशलिस्ट। दिव्य कुमार सोती@DivyaSoti

## जनपथ

पहली बारिश में धंसा दिखे अयोध्या धाम,
कितना भ्रष्टाचार है! देख रहे प्रभु राम।
देख रहे प्रभु राम दिखे गड्ढा ही गड्ढा,
जहां होय निर्माण वहीं खाने का अड्डा!
धुआंधार बरसात देखकर जनता दहली,
अपना रूप दिखाय गई जब बारिश पहली।
– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक- संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक- प्रदीप कुमार शुक्ल*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 347

## दुनिया के अग्रणी रसायनज्ञों में गिने जाते हैं सीएनआर राव



प्रख्यात रसायनज्ञ सीएनआर राव का जन्म 1934 में आज ही बेंगलुरु में हुआ था। स्कूल में पढ़ने के दौरान उनकी रुचि रसायन विज्ञान की ओर हुई। 1959 में आइआइएससी बेंगलुरु में लेक्चरर बने। राव सालिड स्टेट और मटेरियल कैमिस्ट्री पर 45 किताबें लिख चुके हैं और इन्हीं विषयों पर उनके 1500 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हुए हैं। प्रधानमंत्री की वैज्ञानिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने भारत में वैज्ञानिक शिक्षा और नीति निर्धारण में भी अहम योगदान दिया था। 2014 में भारत रत्न से सम्मानित हुए।

## लंदन में पहले आपातकालीन टेलीफोन नंबर की शुरुआत हुई

1937 में आज ही लंदन में दुनिया के पहले आपातकालीन टेलीफोन नंबर 999 की शुरुआत हुई थी। बाद में यह पूरे ब्रिटेन में उपयोग किया जाने लगा। नंबर डायल करने पर टेलीफोन एक्सचेंज में बजर बजने लगता था एवं लाल बत्ती जल जाती थी। इससे कालर तुरंत आपरेटर से कनेक्ट हो पाता था।




## बच्चों का पसंदीदा कार्टून सुपरमैन पहली बार कामिक बुक में नजर आया

1938 में आज ही बच्चों के सबसे पसंदीदा कार्टून चरित्रों में शुमार सुपरमैन पहली बार कामिक बुक एक्शन कामिक्स 1 में नजर आया था। इसे लेखक जेरी सीगल और चित्रकार जो शुस्टर ने मिलकर बनाया था। बाद में सुपरमैन रेडियो, फिल्में, टेलीविजन और वीडियो गेम पर भी दिखने लगा।



### इधर-उधर की

## चर्चा में आया शून्य वोट पाने वाला कनाडा का उम्मीदवार




अपना वोट भी नहीं डाल पाए फेलिक्स एंटोनी ● इंटरनेट मीडिया

**ओटावा, एजेंसी :** कनाडा में टोरंटो उपचुनाव में मैदान में उतरे उम्मीदवार फेलिक्स एंटोनी हैमेल शून्य वोट पाकर चर्चा में आ गए हैं। दरअसल उन्हें अपना वोट भी नहीं मिल पाया क्योंकि टोरंटो के निवासी न होने की वजह से वह मतदान नहीं कर पाए। इस तरह वह कनाडा के इतिहास में शून्य वोट पाने वाले पहले संघीय उम्मीदवार बन गए हैं। इससे पहले केवल निर्विरोध चुनाव में ही उम्मीदवारों ने ही शून्य वोट पाए थे। उन्होंने बताया कि एक दोस्त की सलाह पर उन्होंने चुनाव लड़ने का निश्चय किया था। शून्य वोट मिलने के बाद भी फेलिक्स निराश नहीं हैं। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि सभी लोगों ने एक साथ मिलकर उन्हें वोट न देने का निर्णय लिया। ऐसे में उन्होंने एक तरह से एकता को बढ़ावा देने का काम किया है।




भारतीय टीम द्वारा टी-20 विश्व कप जीतने पर पूरे देश में उल्लास छा गया। इस दौरान कोलकाता में लोग सड़कों पर उतर आए एवं तिरंगे के साथ जमकर खुशी मनाई ● प्रेट्र




भारतीय क्रिकेट टीम की क्या अविश्वसनीय जीत और उपलब्धि है। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर इतिहास रच दिया है! भारत के टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने से पूरा देश खुश है! इसके लिए भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई।

**- राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री।



टीम इंडिया के विश्व चैंपियन बनने पर भारत वासियों को हार्दिक बधाई। विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का अभिनंदन। जय हिंद।

**- योगी आदित्यनाथ,** सीएम उत्तर प्रदेश।



क्या फाइनल मैच था। भारत को बधाई। द.अफ्रीका ने भी शानदार खेल दिखाया। शानदार विश्व कप।

**- सत्य नडेला,** माइक्रोसाफ्ट के सीईओ।




विश्व विजेता टीम इंडिया को बधाई। हमारे राष्ट्र के लिए एक गौरवशाली क्षण। खिलाड़ियों ने खेल कौशल के साथ पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। शाबाश। **-अमित शाह,** गृहमंत्री



सांसों को रोक देने वाला क्या शानदार खेल था। बधाई टीम इंडिया। अफ्रीका भी बढ़िया खेला।

**सुंदर पिचाई,** गूगल के सीईओ।



विश्व कप की शानदार जीत और पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया को बधाई। सूर्या, क्या शानदार कैच था? रोहित, यह जीत आपके नेतृत्व का प्रमाण है। नीले रंग की ड्रेस में लड़कों ने हमारे देश को गौरवान्वित किया है।

**- राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता



प्रतिभा और समर्पण के प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया को बहुत-बहुत बधाई। विराट कोहली, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। हर भारतीय को इस अविश्वसनीय जीत पर गर्व है। आपकी उपलब्धियों का हमेशा जश्न मनाया जाएगा और उन्हें संजोया जाएगा।

**-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष



यह खुशी शब्दों में बयां नहीं की जा सकती! बधाई टीम इंडिया, आपने इतिहास रच दिया! यह जीत हमारे दिलों में बस गई है।

**-अजय देवगन,** फिल्म अभिनेता

फिल्म अभिनेता अनिल कपूर, रवीना टंडन और अभिषेक बच्चन ने भी इंटरनेट मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने भी भारतीय टीम को बधाई दी।

# दो सहपाठी एक साथ संभालेंगे थलसेना और नौसेना की कमान

## आज 30वें थलसेना प्रमुख बनेंगे लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी

**नई दिल्ली, एएनआइ :** भारतीय सैन्य इतिहास में पहली बार दो सहपाठी नौसेना और थलसेना की एक साथ कमान संभालने जा रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे, जबकि एडमिरल दिनेश त्रिपाठी 30 अप्रैल से ही नौसेना के प्रमुख हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी और एडमिरल त्रिपाठी सैनिक स्कूल रीवा में पिछली सदी के सातवें दशक में पांचवीं कक्षा में सहपाठी रह चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी का रोल नंबर 931 और एडमिरल त्रिपाठी का 938 था। स्कूल में शुरुआती दिनों से ही उनके बीच गहरी दोस्ती रही है।

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी थलसेना के 30वें प्रमुख होंगे। वह जनरल मनोज पांडे का स्थान लेंगे जो 26 महीने के कार्यकाल के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ऐसे समय में थलसेना प्रमुख का पदभार संभाल रहे हैं जब सेना संरचनात्मक सुधारों के साथ आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी के पास चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर आपरेशंस का व्यापक अनुभव है। उल्लेखनीय है कि तीनों सेनाओं के प्रमुख 62 वर्ष की आयु या तीन वर्ष के लिए (जो पहले हो) पद पर रह सकते हैं।

एक जुलाई, 1964 को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी 15 दिसंबर, 1984 को सेना की जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे। लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी एवं विशिष्ट सेवा के दौरान उन्होंने पदों पर कार्य किया है। इनमें रेजीमेंट की कमान (18 जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स), ब्रिगेड (सेक्टर 26 असम राइफल्स), असम राइफल्स के डीआइजी ईस्ट, कोर (नौवीं कोर) एवं उत्तरी कमान के प्रमुख (2022 से 2024) शामिल हैं।



उपेंद्र द्विवेदी तथा दिनेश त्रिपाठी ● फाइल/एएनआइ

### लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि बनेंगे थलसेना उपप्रमुख

**जासं, लखनऊ :** लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि रविवार को थलसेना के उपप्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह 1985 में गढ़वाल राइफल्स में शामिल हुए थे।

## पुंछ में पाक सेना ने की गोलीबारी, भारतीय सेना का करारा जवाब

**जागरण संवाददाता, पुंछ :** जम्मू संभाग के पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में पाकिस्तानी सैनिकों ने शुक्रवार रात एलओसी पर भारतीय क्षेत्र में गोलीबारी की। भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान का करारा जवाब दिया। इस गोलीबारी में दोनों तरफ से किसी नुकसान की सूचना नहीं है। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार मध्यरात्रि कृष्णा घाटी सेक्टर के सलोत्री क्षेत्र में रात को वर्षा हो रही थी। इसी दौरान पाकिस्तानी सेना ने अपनी चौकियों से भारतीय क्षेत्र में अकारण गोलीबारी शुरू कर दी। पाक सेना ने करीब 30 गोलियां भारतीय क्षेत्र में दागीं। इसके बाद भारतीय सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी की आड़ में घुसपैठ की आशंका को देखते हुए भारतीय सेना ने पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान भी चलाया।

# जीवन की गुणवत्ता बढ़ने की गति है बहुत धीमी : गुटेरस

**संयुक्त राष्ट्र, एपी :** संयुक्त राष्ट्र ने जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने वाले कारकों की प्रगति पर चिंता जताते हुए कहा है कि जीवन को बेहतर बनाने के लिए जो 169 बिंदु निर्धारित किए हैं, उनमें केवल 17 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। विश्व की सात अरब से ज्यादा लोगों के जीवन को ढर्रे पर लाने के लिए 2030 तक इन लक्ष्यों को प्राप्त करना आवश्यक है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने इस सिलसिले में वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि यह पूरे विश्व की विफलता है। विश्व के प्रमुख देशों के नेताओं ने 2015 में विकास के 17 बड़े लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन्हीं के 169 बिंदु हैं, जिनसे विकास की गति का मापन होता है। इन लक्ष्यों को 2030 तक प्राप्त करने का संकल्प लिया गया है। गुटेरस ने कहा, हमारी विफलता विश्व शांति को खतरे में डालेगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि विश्व के करीब 60 प्रतिशत देश खाद्य पदार्थों की महंगाई की समस्या से जूझ रहे हैं। गरीबों को दो वक्त का खाना खाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विश्व में 58 प्रतिशत छात्र अपनी शिक्षा को प्राइमरी स्कूल से आगे नहीं बढ़ा पाते हैं। विश्व में 20 प्रतिशत लड़कियों की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में हो जाती है।



संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस (फाइल) ● एपी

- 2015 से 17 लक्ष्यों पर केवल 17 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज हुई
- 60 प्रतिशत देश महंगे खाद्य उत्पादों की समस्या से जूझ रहे

## दुनिया के सबसे बड़े नौसैनिक युद्धाभ्यास में भाग ले रही नौसेना

**हवाई, एएनआइ :** भारतीय नौसेना का स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट आइएनएस शिवालिक अंतरराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास रिम आफ द पैसिफिक (रिमपैक) के 29वें संस्करण में भाग लेने पर्ल हार्बर पहुंचा। नौसेना ने इसे भारत और अमेरिका के बीच दोस्ती को और मजबूती देने का एक और उदाहरण करार दिया। उन्होंने कहा कि अभ्यास का बंदरगाह चरण सात जुलाई तक चलेगा। रिमपैक का समुद्री चरण तीन उप-चरणों में विभाजित किया गया है, जिसमें विभिन्न अभ्यास शामिल हैं। यह अभ्यास एक अगस्त तक चलेगा। अमेरिकी प्रशांत फ्लीट के कमांडर द्वारा आयोजित अभ्यास में सेनाएं आपदा राहत से लेकर समुद्री सुरक्षा अभियान और युद्ध लड़ने की क्षमताओं का अभ्यास करेंगी।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
निविदा सूचना सं. : उ.रे/सीबी/कार्यशाला/जून/रेडिएटर/2024आर2 दिनांक 20.06.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (ट्रेन सेट), उत्तर रेलवे, चारबाग वर्कशाप, लखनऊ द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित है। निविदा संख्या : डब्ल्यू-सीबी-21-रेडिएटर-2024आर2, कार्य का विवरण : कार्य के दायरे के अनुसार मेमू मोटर कोचों में रेडिएटर असेंबली की स्ट्रिपिंग, सफाई, ओवरहालिंग, परीक्षण और फिटमेंट करना। कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 28,41,440 मात्र, अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा : ₹ 56,800 मात्र, निविदा फार्म का मूल्य : रु. 0/- मात्र, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 माह, निविदा भरने करने का समय : दिनांक 08.07.2024 से 22.07.2024 समय 15:00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि तथा समय : दिनांक 22.07.2024 को 15:15 बजे के बाद। • निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in द्वारा दिनांक 08.07.2024 से 22.07.2024 (15.00 बजे तक) भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • ठेकेदारों को इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज लागत और अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा के लिए भुगतान केवल ई-पेमेंट गेटवे के माध्यम से करने की अनुमति है या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा किया गया है या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। • निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर खोला जायेगा यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस में उसी समय पर खोला जायेगा। • तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1973/24

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसका नामः मोहम्मद असरफ, पुत्रः मोहम्मद अजीज, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 60 साल, कदः 5'6", चेहराः गोल, रंगः गेहुँआ जिसने बैंगनी रंग की हाफ पैंट पहने हुए था। जो बी-1/ए, भूतल, गली नंबर 9, वजीराबाद, दिल्ली में मृत पाया गया है। इस संबंध में डी.डी. संख्या 143ए दिनांक 11.06.2024 को थाना वजीराबाद, दिल्ली में दर्ज है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-
थानाध्यक्षः थाना वजीराबाद, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-23810069, 8750870131, 9213191236
DP/8376/N/2024

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त चेतन शर्मा, पुत्रः श्री सतेन्द्र शर्मा और स्वाति वशिष्ठ, पत्नीः श्री चेतन शर्मा, दोनों का पताः ए 33, डीडीए एचआईजी फ्लैट्स, जसोला विहार, दिल्ली ने मुकदमा FIR No. 204/2017, U/s 323/509/34 IPC, थानाः सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त चेतन शर्मा और स्वाति वशिष्ठ मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त चेतन शर्मा और स्वाति वशिष्ठ फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा FIR No. 204/2017, U/s 323/509/34 IPC, थानाः सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त चेतन शर्मा और स्वाति वशिष्ठ से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 05.08.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
अनम रईस खान
महानगर दण्डाधिकारी/महिला कोर्ट - 01
कमरा नंबर 506, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/8335/SE/2024 (Court Matter)




bida
राजस्थान की औद्योगिक नगरी भिवाड़ी में अभूतपूर्व दरों पर व्यावसायिक भूखंड खरीदने के अवसर का लाभ उठाएँ
बेमिसाल दरों! पर बेहतरीन संपत्तियों के मालिक बनें.....
ई नीलामी
रजिस्ट्रेशन दिनांक : 18 जून 2024 से 2 जुलाई 2024 तक
प्रारम्भ तिथि : 03 जुलाई 2024
अंतिम तिथि : 04 जुलाई 2024
08 व्यावसायिक भूखण्ड
नोट : भूखण्ड केवल फल सब्जी एवं इससे संबंधित व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अनुमत होंगे।
रेरा रजिस्ट्रेशन नम्बर RAJ/P/2021/1457 दिनांक 13.02.2021
Ph.: 0141-2851900 - https://rera.rajasthan.gov.in/
eAuction भूखण्डों का विवरण
बाबा मोहन राम थोक फल सब्जी मण्डी योजना

| भूखण्ड सं. | क्षेत्रफल (व.मी.) | बोली प्रारम्भ दर (व.मी.) | आरक्षित दर |
|---|---|---|---|
| 10 | 70.38 | 50000 | 39600/- |
| 19 | 52.44 | 50000 | 39600/- |
| 37 | 105.70 | 50000 | 39600/- |
| 61 | 98.74 | 44000 | 39600/- |
| 77 | 42.25 | 47000 | 39600/- |
| 78 | 40.00 | 47000 | 39600/- |
| 87 (ST श्रेणी के लिए आरक्षित) | 72.00 | 40000 | 39600/- |
| 88 (SC श्रेणी के लिए आरक्षित) | 72.00 | 40000 | 39600/- |

श्रीमती मीना घीया मो. 95301 89535
अधिक जानकारी के लिए -
बीडा - H-5, भगत सिंह कॉलोनी, भिवाड़ी - 301019
01493-230819, 9509624500
Scan QR
रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु बीडा की वेबसाईट देखें -
https://bida.rajasthan.gov.in/
राजस्थान संवाद

*********

# अमेरिकी मीडिया को उम्मीद- ट्रंप को रोकने को दौड़ से हटेंगे बाइडन

न्यूयार्क टाइम्स से

**वाशिंगटन, प्रेट्र :** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट में बाइडन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अमेरिकी मीडिया का मानना है कि वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति को अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी को फिर राष्ट्रपति बनने से रोकने और अमेरिकी लोकतंत्र के भविष्य के लिए व्हाइट हाउस की दौड़ से हट जाना चाहिए।

न्यूयार्क टाइम्स के संपादकीय बोर्ड ने शुक्रवार को कहा, राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन का कार्यकाल सराहनीय रहा है। उनके नेतृत्व में राष्ट्र समृद्ध हुआ है। ट्रंप द्वारा दिए गए जख्म भरने लगे हैं, लेकिन बाइडन को अब घोषणा करनी चाहिए कि वह फिर से चुनाव नहीं लड़ेंगे।

यह बताते हुए कि ट्रंप ने किस तरह बार-बार और बेशर्मी से झूठ बोला न्यूयार्क टाइम्स ने यह बताना नहीं भूला कि कैसे ट्रंप ने यह वादा करने से इन्कार कर दिया कि वे हार स्वीकार करेंगे। इसके बजाय उसी तरह की उकसाने वाली बयानबाजी की जिस कारण छह जनवरी, 2021 को अमेरिकी कैपिटल हिंसा हुई थी।

न्यूयार्क टाइम्स ने डेमोक्रेटिक पार्टी को सलाह दी, मतदाताओं को ट्रंप की कमियों और बाइडन की कमियों के बीच चयन करने के लिए मजबूर करके देश की स्थिरता और सुरक्षा को जोखिम में डालने का कोई कारण नहीं है। यह उम्मीद करना बहुत बड़ी बात है कि अमेरिकी बाइडन की उम्र और कमजोरी को अनदेखा कर देंगे या कम आंकेंगे, जिसे वे अपनी आंखों से देखते हैं। वाशिंगटन पोस्ट के संपादकीय में कहा गया है कि यह वर्तमान राष्ट्रपति (बाइडन) पर निर्भर करता है कि वह यह तय करें कि क्या उनका पुनः राष्ट्रपति चुनाव लड़ना देशहित में है। वाल स्ट्रीट जर्नल ने कहा कि ट्रंप और बाइडन के बीच बहस अमेरिका के लिए दर्दनाक थी। गुरुवार रात को डिबेट में राष्ट्रपति बाइडन के प्रदर्शन से स्पष्ट रूप से पता चला कि वह एक और कार्यकाल के लिए तैयार नहीं हैं। देश की भलाई के लिए डेमोक्रेट्स को इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा कि क्या उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बदलना चाहिए। यह पक्षपातपूर्ण विचार नहीं है, बल्कि देशभक्तिपूर्ण विचार है। लास एंजिल्स टाइम्स ने कहा, बाइडन को और बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। राष्ट्र के लिए दांव बहुत ऊंचे हैं।

### डेमोक्रेट्स की तरफ से राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस भी हैं संभावित दावेदारों की दौड़ में

कुछ डेमोक्रेट्स राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइडन की जगह किसी मजबूत उम्मीदवार को उतारने पर विचार करने की संभावना जता रहे हैं। राष्ट्रपति पद के संभावित दावेदारों में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस सबसे आगे हैं। वह राष्ट्रपति की रनिंग मेट भी हैं। उन्हें उम्मीदवार उतारने में कोई खास दिक्कत भी नहीं आएगी। देश की पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति हैरिस ने ट्रंप के खिलाफ हमलों को तेज कर दिया है। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के अन्य दावेदारों में हिलेरी क्लिंटन व पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा के नाम की भी चर्चा है। अन्य दावेदारों में कैलिफोर्निया गवर्नर गैविन न्यूसम, मिशिगन की गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर, इलिनोइस के गवर्नर जे.बी. प्रित्जकर, पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो, परिवहन मंत्री पीट बटिगिएग, न्यू जर्सी के सीनेटर कोरी बुकर और मिनेसोटा की एमी क्लोबुचर, केंटकी के गवर्नर एंडी बेशर शामिल हैं।

### प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्टिव थे रिकार्ड यूजर: मस्क

**नई दिल्ली, एएनआइ :** एक्स के सीईओ एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक्स का सर्वाधिक उपयोग किया गया। डिबेट के दौरान रिकार्ड संख्या में यूजर्स एक्टिव थे। इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाइडन और ट्रंप के बीच गुरुवार रात पहली बहस हुई थी। मस्क ने पोस्ट किया, प्रेसिडेंशियल डिबेट पर मिनट-दर-मिनट चर्चा 'प्रसारण शुरू होने के बाद 90 मिनट में 19 गुना हो गई। एक्स ने पोस्ट किया, हमने दो अरब से अधिक इंप्रेशन दर्ज किए।






# निखिल गुप्ता अमेरिकी जज के सामने पेश

## जज मारेरो ने पन्नू मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर तय की

**न्यूयार्क, आइएएनएस :** पन्नू की हत्या की कथित साजिश में सुपारी देने के आरोप में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता अमेरिका में पहली बार ट्रायल जज के सामने पेश हुए। वरिष्ठ जज विक्टर मारेरो ने शुक्रवार को सुनवाई के बाद अगली तारीख 13 सितंबर तय की है। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को अपने पास मौजूद सुबूतों को बचाव पक्ष के साथ साझा करने का आदेश दिया। सितंबर में आगे की सुनवाई की कार्यवाही की जाएगी।

पिछले साल जून में निखिल को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था और 14 जून को न्यूयार्क लाया गया। 17 जून को उन्हें मजिस्ट्रेट जज जेम्स काट कि अदालत में पेश किया गया था, जिन्होंने उन्हें हिरासत में रखने का आदेश दिया था। सहायक जिला अटार्नी केमिली लाटोया फ्लेचर ने शुक्रवार को ट्रायल जज को गुप्ता के खिलाफ सरकार के केस के बारे में बताया। उन्होंने आरोपों को दोहराते हुए कहा कि गुप्ता ने भारतीय मूल के एक अमेरिकी नागरिक के खिलाफ एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर साजिश रची थी। हालांकि, दोनों की पहचान उन्होंने नहीं बताई। उनका इशारा गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर था। उसे अमेरिकी और कनाडाई नागरिकता प्राप्त है। वह न्यूयार्क में रहता है और सिख फार जस्टिस समूह का नेतृत्व करता है। भारत सरकार ने पन्नू को आतंकवादी घोषित किया हुआ है। वहीं, वकील जेफरी चाब्रोवे ने निखिल गुप्ता के लिए सुरक्षा देने का अनुरोध किया।


खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ● जागरण आर्काइव

# कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने राधारानी से मांगी माफी

**जागरण संवाददाता, मथुरा :** राधारानी के विवाह और जन्मस्थान को लेकर विवादित टिप्पणी करने से ब्रज के संत और सेवायतों के निशाने पर आए प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने आखिरकार बरसाना पहुंचकर अपने कथन के लिए माफी मांग ली है। शनिवार को करीब दो बजे बरसाना स्थित राधारानी मंदिर पहुंचे कथावाचक ने राधारानी के सामने दंडवत होने के बाद नाक रगड़कर माफी मांगी। उन्होंने कहा, राधारानी हमारी इष्ट हैं। करीब पांच मिनट मंदिर में रुकने के बाद वह चले गए।

मप्र के सिहोर निवासी प्रदीप मिश्रा का एक वीडियो पिछले दिनों इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इसमें वह यह कहते हुए दिख रहे हैं कि राधारानी कृष्ण की पत्नी नहीं हैं। उनका विवाह तो मथुरा के ही छाता निवासी अनय घोष के साथ हुआ था। यह भी कहा कि राधारानी बरसाना की नहीं हैं। बरसाना में उनके पिता वृषभानु की कचहरी थी। इससे ब्रजवासी आक्रोशित हो गए। प्रदीप मिश्रा को राधारानी के समक्ष माफी मांगने की चेतावनी दी गई थी।


बरसाना स्थित राधारानी मंदिर में राधारानी के समक्ष दंडवत प्रणाम कर अपनी टिप्पणी के लिए क्षमा मांगते प्रदीप मिश्रा ● जागरण

### ईरान में फिर होगा राष्ट्रपति चुनाव, किसी को नहीं मिले पर्याप्त मत

**दुबई, रायटर :** ईरान में शुक्रवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में चारों में किसी भी उम्मीदवार को निर्धारित 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले। इसके कारण शीर्ष वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के बीच पांच जुलाई को एक बार फिर से मुकाबला होगा।

आगामी शुक्रवार को होने वाले चुनाव में सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियान का मुकाबला कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली से होगा। गृह मंत्रालय ने कहा कि किसी ने भी जीतने के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल नहीं किया। 2.4 करोड़ मत पड़े।

मसूद पेजेशकियान को 1.04 करोड़ वोट, जबकि सईद जलीली को 94 लाख वोट मिले। इससे पहले ईरान के इतिहास में सिर्फ एक ही बार फिर से मुकाबला उस समय हुआ जब वर्ष 2005 में कट्टरपंथी महमूद अहमदीनेजाद ने पूर्व राष्ट्रपति अकबर हाशमी रफसंजानी को हराया था। ईरान में अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई थी, क्योंकि इसे आर्थिक कठिनाइयों, राजनीतिक और सामाजिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध के कारण जन असंतोष से वैधता संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, शनिवार को जारी गृह मंत्रालय की गणना के अनुसार इस वर्ष मतदान लगभग 40 प्रतिशत के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया।











# अनुप्रिया को दो टूक, भर्तियां पारदर्शी -निष्पक्ष व हर नियम का पालन हुआ

- मुख्यमंत्री को लिखे पत्र पर अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक ने केंद्रीय मंत्री को दिया जवाब
- यूपी लोक सेवा, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं उच्च शिक्षा में भर्तियों के नियमों का दिया संदर्भ

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री व अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के भर्तियों में ओबीसी और एससी/एसटी के लिए आरक्षण संबंधी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र का जवाब भेज दिया। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी की ओर से अनुप्रिया को भेजे गए पत्र में स्पष्ट तौर पर बताया गया है कि आरक्षित वर्ग के पदों को किसी भी सूरत में दूसरे वर्गों से नहीं भरा जा सकता है। पत्र में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग व उच्च शिक्षा विभाग के नियमों का हवाला दिया गया है।

डा. चतुर्वेदी ने तीन पेज के पत्र में लिखा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की साक्षात्कार प्रक्रिया कोडिंग आधारित होती है, जिसमें अभ्यर्थियों का क्रमांक, नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, आरक्षण, श्रेणी एवं आयु को छिपा दिया जाता है। यानी साक्षात्कार परिषद के समक्ष अभ्यर्थी का व्यक्तिगत विवरण नहीं होता है। साक्षात्कार परिषद 'नाट सूटेबल' अंकित नहीं करती है। केवल ग्रेडिंग दी जाती है। यदि किसी श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम अर्हता अंक नहीं पाते हैं तो ये सारे पद आयोग या किसी अन्य स्तर से किसी भी अन्य श्रेणी में परिवर्तित करने का अधिकार नहीं है। ऐसी रिक्तियां कैरी फारवर्ड की जाती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का भी हवाला देते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश अवर स्तरीय पदों पर सीधी भर्ती (साक्षात्कार का बंद किया जाना) नियमावली 2017 के लागू होने के बाद समूह 'ग' के पदों पर चयन में साक्षात्कार की व्यवस्था खत्म कर दी गई है। एससी, एसटी व ओबीसी के लिए आरक्षित पदों पर अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को चयनित करने का न तो प्रविधान है और न ही पहले भी कभी ऐसा चयन हुआ है। डा. चतुर्वेदी ने उच्च शिक्षा विभाग के बारे में भी बताया कि उनके अधीन राज्य विश्वविद्यालय, स्वायत्तशासी संस्थान होते हैं। राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षिक पदों पर नियुक्तियां स्वयं के स्तर से की जाती हैं।


योगी आदित्यनाथ ● फाइल फोटो

# 30 वर्ष पुराने अलकतरा घोटाला में तीन अभियंताओं को तीन-तीन वर्ष की जेल

**राज्य ब्यूरो, जागरण, रांची :** सीबीआइ की विशेष अदालत ने शनिवार को बिहार के 30 वर्ष पुराने अलकतरा (तारकोल) घोटाला मामले के अभियुक्त तीन कनीय अभियंताओं को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इनके नाम विवेकानंद चौधरी, कुमार विजय शंकर एवं बिनोद कुमार मंडल है। अदालत ने अभियुक्तों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इन लोगों पर लगभग 445 मीट्रिक टन अलकतरा घोटाला करने का आरोप है, जिससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हुई। ग्रामीण कार्य विभाग, रांची के इन अभियंताओं द्वारा ठेकेदारों की मिलीभगत से सड़क मरम्मत का कार्य सिर्फ फाइल में दिखाकर पद का दुरुपयोग व आपराधिक षड्यंत्र कर लाखों रुपये का गबन किया गया।

मालूम हो कि अभियंताओं ने 12 सड़क की मरम्मत का कार्य दिखाकर उसी के अनुरूप अलकतरा की मांग की, जबकि सिर्फ एक सड़क की मरम्मत की और 11 सड़क की मरम्मत का कार्य सिर्फ फाइलों में दिखाकर सरकारी राशि का गबन कर लिया। अभियंताओं ने आइओसीएल से अलकतरा प्राप्त किया था। बता दें कि अविभाजित बिहार के जमाने में हुए इस घोटाला के समय लालू प्रसाद यादव बिहार के सीएम थे।




# जागरण सिटी

दैनिक जागरण

# दिल्ली

तदर्थ शिक्षकों के पूरे कार्यकाल की गणना कर दी जाए पदोन्नति : डा. हंसराज सुमन (अंदर पढ़ें)

चालकों की स्थिति पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता : राजेंद्र कपूर (अंदर पढ़ें)

www.jagran.com






********



भारतीय चिकित्सकों पर हिंदी सिनेमा में अलग-अलग कालखंडों में कई फिल्में बनी हैं जिनमें उन्हें मानवता के लिए समर्पित होने से लेकर भ्रष्टाचारी तक दर्शाया गया है। एक जुलाई को डाक्टर दिवस के अवसर पर ऐसी ही फिल्मों का आकलन करता स्मिता श्रीवास्तव का आलेख...



मुन्नाभाई एमबीबीएस

दिल अपना और प्रीत पराई



आनंद

डा. कोटनीस की अमर कहानी

डाक्टर जी

सभी फोटो: जागरण आर्काइव



तेरे मेरे सपने

# पर्दे पर धरती के भगवान

समाज में आए बदलाव कहानियों के जरिए सिनेमा में परिलक्षित होते हैं। यूं तो हर कहानी में पात्र किसी न किसी पेशे से जुड़ा होता है, लेकिन बात जब चिकित्सकों की होती है तो उसके साथ कई मर्यादाएं और नैतिकता भी जुड़ जाती है। हिंदी सिनेमा ने अपने शुरुआती दौर में चिकित्सकों की ऐसी ही छवि प्रदर्शित की। फिल्मों में चिकित्सक का संभवतः सबसे पहला चित्रण रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दुश्मन' (1939) में किया गया था। के.एल. सहगल, लीला देसाई, नजमुल हसन, पृथ्वीराज कपूर अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन और लेखन नितिन बोस ने किया था। टीबी का मरीज यानी फिल्म का नायक के. एल. सहगल अंत में चिकित्सक की मदद से रोगमुक्त हो जाता है। यह वो दौर था जब देश स्वाधीनता संग्राम के मोर्चे पर उबल रहा था। सिनेमा डाक्टरों की कहानी के जरिए मानवता का संदेश और टीबी जैसी बीमारी का उपचार होने का संदेश दे रहा था। फिल्म 'डाक्टर' (1941) में भी यह चलन कायम रहा। नायक अमरनाथ (प्रसिद्ध गायक पंकज मलिक) हैजा की महामारी के दौरान अपना पूरा जीवन गांववालों की सेवा में समर्पित कर देता है। उसके कुछ वर्ष बाद आई वी. शांताराम की फिल्म 'डा. कोटनीस की अमर कहानी' (1946) भारतीय चिकित्सक की देश की सीमाओं से परे उठकर मानवता को सर्वोपरि रखने की सच्ची कहानी थी। चीन-जापान के बीच युद्ध के दौरान भारतीय डाक्टरों के दल को चीनी सैनिकों के सहायतार्थ भेजा गया था। उसमें महाराष्ट्र के कोंकण में जन्मे डा. द्वारकानाथ कोटनीस भी शामिल थे। चीन प्रवास के दौरान वह चीनी सैनिकों में फैल रही संक्रामक बीमारी के लिए वैक्सीन बना रहे थे और उसका परीक्षण उन्होंने खुद पर शुरू कर दिया था। सही मायने में समाज के प्रति चिकित्सकों का समर्पण शुरुआती फिल्मों में ही परिलक्षित हुआ। यह सिलसिला उसके कुछ वर्ष बाद आई फिल्म 'अनुराधा' (1960) में कायम रहा, जिसमें बलराज साहनी का आदर्शवादी पात्र अपने परिवार की अनदेखी करते हुए मरीजों के प्रति समर्पित रहता है।

## जिम्मेदारी का प्रदर्शन

वक्त के साथ कहानियों ने भी करवट ली। राजकुमार और मीना कुमारी अभिनीत 'दिल अपना और प्रीत पराई' ने डाक्टर और नर्स के प्रेम संबंधों की कहानी कही। वहीं 'आरती' (1962) में डा. प्रकाश (अशोक कुमार) के जरिए अपने पेशे का फायदा उठाने वाले डाक्टर की कहानी दिखाई। यह तमाम कड़वाहटों के बावजूद डाक्टरों के अपनी जिम्मेदारी के प्रति बेईमान न होने के भरोसे को कायम रखती है। उसके बाद आई 'आनंद' (1971) और 'तेरे मेरे सपने' (1971) चिकित्सकों के बारे में अलग नजरिया लेकर आई। 'तेरे मेरे सपने' ने ग्रामीण भारत में चिकित्सकों की हालत और उनको लेकर बनी धारणाओं पर करारी चोट की। वहीं 'आनंद' में 'बाबू मोशाय, जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं' के जरिए, बताने का प्रयास किया कि डाक्टरों को जीवन की गुणवत्ता के बजाय उसकी लंबाई की चिंता अधिक होती है। इसमें रोगी और डाक्टर के रिश्तों का करीब से आकलन किया गया।

## कहानी समाज की

मेडिकल प्रोफेशनल को सौम्य, सज्जन और त्याग के रूप में दर्शाने के बाद डाक्टरों के चित्रण में बदलाव दिखा। सबसे साहसिक प्रयोग यश चोपड़ा ने अपनी फिल्म 'सिलसिला' में किया। इसमें डाक्टर बने संजीव कुमार का पात्र पत्नी के विवाहेतर संबंधों के बारे में सब कुछ जानते-समझते हुए चुप रहता है। दूसरों के रोगों का इलाज करने वाला यह डाक्टर विपरीत परिस्थिति के बावजूद स्वयं को दिल का मरीज बनने नहीं देता। उसकी यही ताकत दर्शकों का मन मोह लेती है। वहीं स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उभरती अनैतिक प्रथाओं या लापरवाही को दिखाने से फिल्मकारों ने गुरेज नहीं किया। विनोद मेहरा और अमिताभ बच्चन अभिनीत 'बेमिसाल' इसकी बानगी रही। इसमें विनोद मेहरा का पात्र डा. प्रशांत अवैध गर्भपात करने के लिए मोटी फीस लेता है। फिर एक मरीज की गर्भपात के दौरान हुई मृत्यु उसके जीवन में भूचाल लाती है। सही मायने में यह फिल्म अपने पेशे का बेजा फायदा उठाने के नुकसान दिखाती है। उसके बाद 'मेरी जंग', 'एक डाक्टर की मौत' जैसी कई चर्चित फिल्में आईं। 'एक डाक्टर की मौत' कुष्ठ रोग का टीका विकसित करने में लगे डाक्टर की कहानी होती है, जिसकी सफलता उसके आसपास के लोगों में ईर्ष्या भर देती है। झकझोर देने वाली यह कहानी समाज की सच्चाई को बयां करती है कि किस प्रकार एक प्रतिभा का हनन किया जाता है।

## जब बदले चिकित्सक के रूप

वर्ष 2000 के बाद की कहानियों में डाक्टरों से जुड़े कई पहलू दिखे। इसमें सर्वाधिक सफल फिल्मों में शुमार 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में पहले इलाज फिर औपचारिकताएं पूरी करने के साथ 'जादू की झप्पी' ने सबका ध्यान खींचा। सलमान खान अभिनीत 'क्योंकि' में चिकित्सक द्वारा मानसिक रोग से ग्रस्त मरीज को ठीक करने का अलग तरीका सामने आया। आयुष्मान खुराना और यामी गौतम अभिनीत 'विक्की डोनर' (2012) और शाहिद कपूर, आलिया भट्ट अभिनीत 'उड़ता पंजाब' (2016) ने लीक से हटकर कहानी पेश की। स्पर्म डोनेशन पर आधारित 'विक्की डोनर' ने निःसंतान दंपती के जीवन में खुशियां भरने की बात रखी। वहीं नशे को केंद्र में रखकर बनीं 'उड़ता पंजाब' ने नशे के कारणों और प्रभावों की पड़ताल की और डाक्टर के प्रयासों को दिखाया। डाक्टर पेशे को लेकर सबसे ज्यादा विवादों में शाहिद कपूर अभिनीत 'कबीर सिंह' रही। प्रेम के नाम पर हिंसा का महिमामंडन करने और स्त्री-द्वेष को बढ़ावा देने के लिए फिल्म की तीखी आलोचना हुई। फिल्म में शाहिद एक गुस्सैल सर्जन की भूमिका निभाते हैं, जो अपनी प्रेमिका प्रीति (कियारा आडवाणी) के साथ हिंसक व्यवहार करता है। नशे की हालत में उसके द्वारा की गई सर्जरी उसके करियर पर प्रश्नचिन्ह लगाने के साथ बहुत सारे सवालों को खड़ा करती है। डाक्टर के इस चित्रण ने पेशे के प्रति लापरवाही के असर को गहराई में दिखाया। अक्षय कुमार अभिनीत 'गुड न्यूज' की कहानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) पर रही, जिसमें स्पर्म की अदला-बदली हो जाती है। दो दंपती की यह कहानी मां बनने के सपने को पूरा करने के साथ महिलाओं के नजरिए को भी दर्शाती है। इस कड़ी में नसीरुद्दीन शाह की फिल्म 'वेटिंग' का जिक्र उल्लेखनीय है। फिल्म दिखाती है कि अस्पताल में भर्ती मरीज बीमारी से जूझ रहा होता है और बाहर उसके करीबी अस्पताल और नार्मल जिंदगी में तालमेल बैठा रहे होते हैं। वहीं फिल्म 'डाक्टर जी' में एमबीबीएस करने के बाद आर्थोपेडिक यानी हड्डी रोग विशेषज्ञ बनने की चाहत रखने वाला उदय गुप्ता (आयुष्मान खुराना) जब स्त्री रोग विशेषज्ञ बनता है तो वह कितना असहज होता है। यह फिल्म उस मुद्दे को उठाती है, लेकिन उस समुचित तरीके से दर्शा पाने में विफल रहती है।

वास्तव में तकनीक से साथ चिकित्सा की दुनिया में आए बदलावों को सिनेमा ने हमेशा कहनी में पिरोया है। इन मुद्दों के अलावा भी अभी चिकित्सा जगत से जुड़ी तमाम कहानियां हैं जो आने वाले वक्त में सिनेमा का हिस्सा बनकर लोगों को बीच-बीच में झकझोरने का काम करती रहेंगी।

---

निर्देशक कोना

# थोड़ी जिद जरूरी है

अभिनेता अजय देवगन और फिल्मकार नीरज पांडेय काफी समय से साथ काम करना चाह रहे थे। यह ख्वाहिश पूरी हो रही फिल्म 'औरों में कहां दम था' से। फिल्म में तब्बू और अजय की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म को लेकर नीरज से खास बातचीत...



**आप तो चाणक्य फिल्म बना रहे थे, लव स्टोरी बीच में कहां से आ गई?**

कई कारणों से वह फिल्म नहीं बन पाई है। फिलहाल हमने उसे होल्ड पर रखा है। मुझे लगता है कि काफी समय से हम में एक गिल्ट था कि एक प्रोजेक्ट में हमने अपना काफी समय दिया है और वह प्रोजेक्ट बन नहीं रहा है, तो यह फिल्म बना लेते हैं। वहीं से बातचीत शुरू हुई। मेरे पास यह कहानी थी। कलाकारों को सुनाई और वहां से फिल्म शुरू हुई।

**आपको लव स्टोरी का चार्म कब से था। जब इस इंडस्ट्री में आए थे, तब कैसा दौर था?**

लव स्टोरी का जानर हमेशा रहेगा। पिछले दो-तीन साल में एक दौर चल रहा था, जहां हमने इस तरह की कहानियां नहीं देखीं। समय की भी एक जरूरत और ट्रेंड होता है। हमारे पास यह विकल्प था, तो हमने इसे बनाया है।

**'औरों में कहां दम था' का आइडिया कहां से आया?**

यह कहानी कोलकाता में मेरे बड़े होने के दौरान का हिस्सा रही है। एक हद तक मैं इसका श्रेय अपनी जन्मस्थली और उस समय को दूंगा। तब एक ऐसी घटना हुई थी जो बहुत समय तक मेरे साथ रही। मैंने कभी नहीं सोचा कि वह कभी कहानी में परिवर्तित होगी या एक दिन उस पर स्क्रिप्ट लिखूंगा। घटना के बारे में नहीं बता सकता वरना फिल्म का मजा किरकिरा हो जाएगा।

**वर्तमान में बाक्स आफिस पर फिल्में नहीं चल रही हैं। यह बात परेशान नहीं करती?**

सबसे अहम बात होती है कि आप एक अच्छी कहानी कहना चाहते हैं। क्या चल रहा है या क्या नहीं, यह बात दिमाग में नहीं होती। फिल्म के विषय को लेकर हमे भरोसा होता है, तभी उसे बनाते हैं। उसके बाद फिल्म का क्या होगा, यह तो कोई नहीं जानता। मुझे लगता है कि अगर फिल्म शुरू करते समय ही बाक्स आफिस के बारे में सोचते हैं तो यह बहुत गलत होता है। यह विचार आपको भटका देता है। आप ईमानदारी के साथ अपनी कहानी के साथ आगे बढ़ें।

**किसके दमखम को देखकर डर लगता है?**

अपनी मां का। वह इसकी हकदार भी हैं। मैं खुश भी हूं कि मैं सिर्फ उनसे डरता हूं।

**इंडस्ट्री में रहने के लिए कब अपना दम दिखाने की जरूरत लगती है?**

कई बार हम आसानी से इंडस्ट्री में हार मान लेते हैं। मेरे लिए बहुत जरूरी है कि आसानी से हार न मानो। भले ही कोई प्रोजेक्ट न बने या उसमें समय लगे, फिर भी कोई बात नहीं, पर थोड़ी जिद की जरूरत होती है। मेरा मानना है कि उसमें कुछ गलत नहीं है। अपनी पसंद के अनुसार काम करो। भले ही उसमें समय लगे, लेकिन उसे समुचित तरीके से बढ़ाने का प्रयास करें। मुझे तब्बू ही फिल्म के लिए चाहिए थीं। उसके लिए काम किया।

**औरों की किन बातों को नजरअंदाज करना जरूरी मानते हैं?**

आपको उन सबको ब्लाक करना होता है जो आपको कहते हैं कि यह मत करो। मैंने इस बात में कभी यकीन नहीं किया कि सिर्फ सुरक्षित रास्ते पर चलो। मेरी पहली फिल्म 'ए वेडनेसडे' ने भी हमें आत्मविश्वास दिया। उस फिल्म को कोई सपोर्ट नहीं करना चाहता था। नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर जैसे मंझे कलाकार के साथ हम काम करना चाहते थे। हमसे कहा गया कि नए कलाकारों को लो तो फंडिंग आसान होगी। हमने उसे अनसुना करते हुए फिल्म बनाने की ठानी और उसमें सफल रहे। अगर मैं दुनिया की बात सुनता और दोनों कलाकारों को हटा देता और सोचता कि फिल्म बन जाएगी तो वह मजा नहीं रहता।

**स्मिता श्रीवास्तव**

---

सीधी बात

'टाफी', पिन्नी' जैसी शार्ट फिल्म निर्देशित कर चुकी ताहिरा कश्यप ने अब अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रदर्शित फीचर फिल्म 'शर्माजी की बेटी' निर्देशित की है। फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर अहम भूमिका में हैं। खुद को फेमनिस्ट बताने वाली ताहिरा निर्देशक होने के साथ लेखक भी हैं। फिल्म समेत कई मुद्दों पर ताहिरा ने साझा किए जज्बात...



@tahirakashyap (इंस्टा.)

# कमियों की भी खुशी मनाएं

**फिल्म का नाम 'शर्माजी की बेटी' रखने की कोई खास वजह?**

हां। शर्माजी का बेटा बहुत ही लोकप्रिय मीम है। मतलब शर्मा जी का बेटा जो हर जगह अव्वल होता है। जिसने जिंदगी में सब किया होता है। मुझे लगा कि हमें शर्माजी की बेटी जैसी फिल्म बनानी चाहिए। हां इनमें कुछ-कुछ कमियां हैं पर यह ऐसी समस्याएं हैं, जिनका हमें जश्न मनाना चाहिए। उसके अलावा शर्माजी बहुत कामन सरनेम है।

**आपने एक्स पर लिखा है कि फूड और फेमिनिज्म आपका पसंदीदा जानर है...**

(ठहाका मारती हैं) मुझे लगता है कि हमें खुलकर बोलना चाहिए कि हम फेमिनिस्ट हैं। फेमिनिस्ट होना कोई शर्मनाक बात नहीं है। हम यह नहीं कह रहे हैं कि महिलाएं पुरुषों से बेहतर हैं। हम कह रहे हैं कि महिलाएं और पुरुष एक समान हैं। उन्हें समान इज्जत, मान-सम्मान और नौकरी में समान अवसर मिलना चाहिए। अगर समानता के आंदोलन को फेमिनिज्म का नाम दिया जाए तो हां मैं फेमिनिस्ट हूं। पर हां खाना और फेमिनिज्म दोनों मेरे लिए बिल्कुल सही चीजें हैं। यह बात सच है कि खाना मेरी जिंदगी में अहम भूमिका निभाता है। इस फिल्म के बहाने मैं दुनिया को यह बताना चाहती हूं कि 30 साल की उम्र के बाद की महिलाओं से जुड़ी कई दिलचस्प कहानियां हो सकती हैं।

**कभी आपके साथ असमानता का व्यवहार हुआ, जिसे आपने अपनी कहानियों में उठाया?**

'शर्माजी की बेटी' का हर पात्र मेरे दिल के करीब है। इसे मैंने अनुभव नहीं किया है, लेकिन आब्जर्व किया है। बतौर लेखक बहुत सारी ऐसी चीजों की ओर ध्यान जाता है, जिसे कोई नोटिस नहीं करता। वो आदत शुरू से थी। हां, मैं बहुत बार लैंगिक भेदभाव का शिकार रही हूं। बहुत सारे पितृसत्तामक विषयों का हिस्सा रही हूं। शायद यही वजह है कि उसके बारे में बहुत मजबूती से बात करती हूं। मैं जिस घर में पैदा हुई, वह काफी प्रगतिशील रहा है। मैं अपने माता-पिता की इकलौती संतान हूं। मां शिक्षा के क्षेत्र से थीं, जबकि पिता पत्रकार थे। दसवीं कक्षा के बाद जब बिना माता-पिता की छत्रछाया के दुनिया का अनुभव हुआ तो पता चला कि दुनिया वैसी नहीं है, जैसी मेरे घर में है। मेरे दोस्तों के घर का माहौल अलग था। मैं देखती थी कि महिलाएं नौ से पांच की नौकरी करने के बाद सब्जी खरीदती थीं, फिर घर आकर खाना बनाती थीं। वहां से मैंने दुनिया को आब्जर्व करना शुरू किया। उसके अलावा जब हम ट्यूशन जाते थे तो लड़के पीछा करते थे। उस समय अगर घर में पता चल जाता था तो माहौल ऐसा था कि आपके ट्यूशन बंद कर देंगे। आपको ही सजा भुगतनी होगी। यह सब पितृसत्तामक समाज का परिणाम है। मुझे लगता है कि ऐसी कहानियां बतानी चाहिए, लेकिन मेरा इन कहानियों को कहने का तरीका थोड़ा ह्यूमरस है। दर्शकों को मैसेज जरूर मिलेगा, लेकिन प्रत्यक्ष तौर पर नहीं। यहां हंसी-मजाक में कुछ न कुछ समझने को जरूर मिलेगा।

**भारतीय सिनेमा में महिलाओं की कहानियों को पिछली शताब्दी के सातवें और आठवें दशक में बेहतर कहा गया या आज कहा जा रहा है?**

मुझे लगता है कि हर चीज का एक दौर आता है। पिछली शताब्दी के सातवें और आठवें दशक में फिल्में आई थीं, लेकिन उन्हें आर्ट सिनेमा करार दे दिया गया। उसके बाद एंग्री यंगमैन का समय आया। फिर एक समय ऐसा था कि एक प्रकार की फार्मूला फिल्में ही चलती रहती थीं, लेकिन ओटीटी प्लेटफार्म आने के बाद बतौर दर्शक हमें अलग-अलग तरह का कंटेंट मिलने लग गया है। दक्षिण भारतीय फिल्में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रयोगात्मक कहानियां ज्यादा हैं तो सिनेमाघर की पसंद भी बदलने लगी है। सिनेमा अलग-अलग तरह की फिल्में ला रहा है। अच्छी बात तब होगी जब इन सब जानर में महिलाओं को बराबर की भूमिका दी जाएगी। फिर हम उस मुकाम पर पहुंचें, जहां हमें यह न कहना पड़े कि यह महिलाप्रधान फिल्म है। मैं उस दिन की कामना कर रही हूं जब हम महिलाओं से संबंधित इतनी सारी फिल्में बना लें कि हम सिर्फ यह बोलें कि हम फिल्म देखने जा रहे हैं। हमारे सिनेमा में पुरुषप्रधान फिल्म जैसा कोई शब्द नहीं होता। मैं चाहती हूं कि यह महिलाप्रधान शब्द भी लोग भूल जाएं।

**स्मिता श्रीवास्तव**

---

खास मुलाकात

सिनेमा में एक सही फिल्म कलाकार के लिए वे मौके बना देती है, जो शायद 10 फिल्में मिलकर न बना पाएं। परिणीति चोपड़ा के लिए वह फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' रही। फिल्म में उनके अभिनय की सराहना की गई और अब उन्हें उन निर्देशकों के फोन आ रहे हैं, जो पहले दूर ही रहते थे। इस बदलाव पर परिणीति से प्रियंका सिंह की बातचीत के अंश...

# काम से चमकेगा नाम

**आपने 'चमकीला' फिल्म हिट होने के बाद इंस्टाग्राम पर लिखा था, मैं वापस आ गई हूं और कहीं नहीं जा रही हूं... क्या आत्मविश्वास फिर से लौटा है?**

यह पंक्ति लोगों ने मेरे लिए बोली थी, इसलिए मैंने वह लिख दी थी। आत्मविश्वास तो हमेशा से था। वह कभी नहीं खोया था। कलाकार स्वयं को नहीं कह सकता है कि मैं वापस आ चुकी हूं। लोग यह भरोसा दिलाते हैं। मैंने सिर झुकाकर उस भरोसे का सम्मान किया है।

**परिणीति 2.0 वर्जन में क्या-क्या नया होगा?**

यह दिलचस्प टाइटल है। चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। मैं पब्लिक प्रोफेशन में हूं। यह शीर्षक भी दर्शकों ने दिया है। इसका मतलब यह है कि उन्होंने पहले मेरा 1.0 वर्जन देखा था, अब 2.0 देख रहे हैं। जाहिर है कि उन्होंने मुझमें कुछ बदलाव देखा होगा। मेरे 2.0 में यही है कि अच्छी फिल्में करूं, दर्शक की उम्मीदों पर खरी उतरूं। जब मैं दमदार परफार्मेंस नहीं देती हूं, तो दर्शकों से डांट भी पड़ती है। दर्शकों के साथ मेरा कमाल का रिश्ता है। उन्होंने मुझे यह साफ-साफ बता दिया है कि वह फिल्मों में मुझसे क्या चाहते हैं। फिल्में चुनते वक्त मैं हमेशा उसे दिमाग में रखूंगी। दूसरा होगा मेरा संगीत, जिसमें मैं स्टेज शोज, म्यूजिक एलबम सब करूंगी। बाकी अपने परिवार के साथ समय बिताऊंगी।



@parineetichopra (इंस्टा.)

**फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिए आपने 16 किलोग्राम वजन बढ़ा लिया था। क्या ऐसे समर्पण के लिए आगे भी तैयार रहेंगी?**

हां, एक्टर होने के नाते इससे बड़ी-बड़ी कुर्बानी देने को तैयार हूं। मैं बहुत ही प्रतिबद्ध अभिनेत्री हूं। मैं वो विद्यार्थी हूं, जिसे टीचर से सबसे ज्यादा शाबाशी चाहिए होती है।

**आपने कहा था कि जो लोग बालीवुड के लंच और डिनर पर जाकर अपने लिए काम के मौके नहीं बना पा रहे हैं, आप उनका प्रतिनिधित्व करेंगी...**

हां, क्योंकि ऐसा होता है। इस फिल्म के बाद मेरे साथ सबसे बड़ा बदलाव यही हुआ कि मुझे फिल्मकारों के फोन आए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे इस फिल्म में हमने तुम्हें देखा, वैसे कभी नहीं देखा था। अब वह ऐसी स्क्रिप्ट्स मुझे भेज रहे हैं, ऐसी भूमिकाओं के प्रस्ताव दे रहे हैं, जो पहले मिलने वाले अवसरों से बहुत अलग हैं। वे निर्देशक फोन कर रहे हैं, जिन्होंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे साथ काम कर सकते हैं। अब माहौल अलग है। वे भी देख पा रहे हैं कि मैंने एक कामयाब फिल्म की है।

**आपने कहा था कि आपका पीआर गेम बिल्कुल अच्छा नहीं है। उसे दुरुस्त करने का प्रयास किया?**

मेरी ताकत यही है कि मैं निर्देशक की एक्टर हूं। सेट पर मैं स्वयं को पूरी तरह से समर्पित कर देती हूं। बाहर की दुनिया का मुझे कुछ पता नहीं होता है। मैं अपने पात्र पर मेहनत करती हूं। मुझे लगता है कि बतौर एक्टर आपका यह पहलू मजबूत होना चाहिए। 'अमर सिंह चमकीला' जैसी फिल्म इस बात को साबित करती है कि आपके बाकी खेल अच्छे हों ना हों, लेकिन अगर आप काम अच्छा कर रहे हैं, तो आपके पास काम आएगा। इस फिल्म के बाद सबने फोन करके कहा है कि अब तुम्हें कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता है। मेरा काम ही मेरे लिए बात करेगा।

**अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों पर आपने कुछ ही समय के भीतर इंटरनेट मीडिया पर सफाई दे दी थी। अफवाहों पर तुरंत रोक लगाना कितना आवश्यक है?**

सच कहूं, तो 10 वर्ष में मुझसे जुड़ी अधिक अफवाहें आईं नहीं। यही एक आई थी, जबकि मैंने फिल्म के लिए वजन बढ़ाया था। अगले दिन जब दूसरी ड्रेस पहनकर आई, तो उनकी नजरों में मैं प्रेग्नेंट नहीं थी, तो वह बात वहीं खत्म हो गई थी। ऐसा नहीं है कि मैं हर अफवाहों पर अपनी सफाई दूंगी। मैं ज्यादा विवादों में जाती नहीं हूं। अपने काम से काम रखती हूं।

**आपने कहा था कि न आपके पति राघव चड्ढा को बालीवुड की जानकारी है, न आपको राजनीति की। क्या शादी के इतने दिनों बाद कोई बदलाव है?**


इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। मेरे हिसाब से इसे ऐसा ही रहना चाहिए। सिनेमा और राजनीति दोनों काफी बड़े और अलग पेशे हैं। दोनों पब्लिक प्रोफेशन हैं। एक-दूसरे की दुनिया को लेकर हमारी समझ नहीं है। हम दोनों एक-दूसरे के सपोर्ट सिस्टम जरूर हैं। बालीवुड और राजनीति को लेकर हमारी जो अपनी-अपनी जिम्मेदारी है, वह पूरी करते हैं।

---


happy Birthday

6 जुलाई

आउटफिट से लेकर फिल्मों में जबरदस्त भूमिका निभाने के लिए चर्चा में रहते हैं अभिनेता रणवीर सिंह। रणवीर की जन्मतिथि पर उनके बारे में परखिए अपनी जानकारी...



## फिल्मी वर्ग पहेली-241



© Bird Features & Writing Agency

**बाएं से दाएं**

1. फिल्म 'सर्कस' में इनके दोहरे किरदार के नाम का पहला शब्द (2)।
2. शालिनी पांडे और बमन इरानी के साथ इनकी एक कामेडी फिल्म है- ..... जोरदार' (5)।
6. एहसान रहीम की पाकिस्तानी फिल्म 'तीफा इन ...' में बतौर अतिथि कलाकार नजर आए (3)।
7. आलिया भट्ट के साथ आई फिल्म 'गली बाय' में ... अहमद नाम क किरदार हेतु इन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार मिला (3)।
11. फिल्म 'पद्मावत' में अलाउद्दीन ... का किरदार निभाया (3)।
12. इनकी पत्नी के नाम का पहला शब्द (3)।
14. विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण श्रीवास्तव का किरदार निभाया (3)।
15. आलिया भट्ट के साथ इनकी एक फिल्म है- 'राकी और रानी ... प्रेम ...' (1,3)।
16. गोविंदा और अली जफर के साथ आई फिल्म 'किल दिल' में इनका नाम ... शर्मा है (2)।
18. अर्जुन कपूर और प्रियंका चोपड़ा के साथ आई इस फिल्म में बिक्रम बोस का किरदार निभाया (2)।
19. चार लघुफिल्मों वाली इस फिल्म के एक गाने में बतौर अतिथि कलाकार नजर आए (2,3)।

**ऊपर से नीचे**

3. फिल्म 'सिंबा' में इनका नाम संग्राम सिंबा ... है (4)।
4. फिल्म 'गोलियों की रासलीला-रामलीला' में इनके नाम का पहला शब्द (2)।
5. महाराष्ट्र के इस महानगर में इनका जन्म हुआ (3)।
8. अनिल कपूर और प्रियंका चोपड़ा के साथ आई फिल्म '........ दो' में कबीर मेहरा का किरदार निभाया (2,4)।
9. कबीर खान की फिल्म '83 में क्रिकेटर ... देव का किरदार निभाया (3)।
10. अपनी पहली फिल्म ' ... बाजा ....' में बिट्टू शर्मा का किरदार निभाया (2,3)।
13. संजय लीला भंसाली की फिल्म 'बाजीराव ....' में पेशवा बाजीराव की भूमिका निभाई (4)।
17. फिल्म 'लेडीज वर्सेज रिकी बहल' में इनका आनस्क्रीन नाम ...है (2)।

इस वर्ग पहेली का हल झंकार के अगले अंक में प्रकाशित होगा। पाठकों से अनुरोध है कि इस वर्ग पहेली का हल हमें आज रात 12 बजे तक jhankar@jagran.com पर प्रेषित करें। सर्वशुद्ध हल भेजने वाले तीन चयनित पाठकों के नाम, चित्र और शहर के नाम प्रकाशित किए जाएंगे।


## फिल्मी वर्ग पहेली-240 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | य | ल | | फि | ज़ा | | रि | श्ते | |
| पी | | | जा | | | हं | | | दि |
| | सा | ज | न | च | ले | स | सु | रा | ल |
| | ज | | व | | | ब | | | तो |
| मा | न | | र | | | लि | | पा | पा |
| | के | | | मी | | ये | | | ग |
| मे | | | अं | ना | ड़ी | | को | ज | ल |
| घा | | सु | | ना | | सं | | | है |
| | हं | म | सा | थ | | ग्रा | | श | |
| | | न | | | प्रे | म | श | क्ति | |

3 चयनित पाठक जिन्होंने प्रेषित किए सर्वशुद्ध हल



विजय सिंह रावत
गढ़वाल, उत्तराखंड



वंश सिंह
उन्नाव, उत्तर प्रदेश



दीप्ति गुप्ता
फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश

*********